# सामाजिक समाचार

## श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति, जयपुर द्वारा पाटोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

13 अप्रैल, 2019 को श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति द्वारा 3/25, वरूण पथ, मानसरोवर स्थित विश्वकर्मा मन्दिर में पाटोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 12 से 3 बजे तक सामूहिक रूप से सुन्दर काण्ड का पठन किया गया। दोपहर 3 बजे से सायं 4 बजे तक हवन/यज्ञ विधि-विधान से सभी देवताओं का आह्वान कर किया गया, जिसमें समाज में सुख-समृद्धि बढ़े तथा वातावरण शुद्ध हो। सामाजिक व समिति की गतिविधियों पर चर्चा की गई। सायं 6 बजे भगवान श्री विश्वकर्मा की आरती (सामूहिक) की गई तथा 6.30 बजे भोजन प्रसादी का कार्यक्रम हुआ, जिसमें समिति के पूर्व अधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य, आजीवन सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उपस्थित जनों में सर्व श्री सी.पी. शर्मा अध्यक्ष कर्मचारी समिति, छीतरमल शर्मा महामंत्री समिति, सूरजमल केड़वाल मुख्य संरक्षक एवं पूर्व समिति अध्यक्ष, बृजकिशोर शर्मा कोषाध्यक्ष समिति, रामनिवास जांगिड व्यवस्थापक छात्रावास, डॉ. प्रेम नारायण (सम्पादक मण्डल बन्धुत्व संदेश), भंवरलाल जी गार्ड, कन्हैयालाल धामा (देहदानी), शंकर लाल शर्मा, मुन्ना लाल, सुधीर डेरोलिया, दिनेश चन्द शर्मा (सी. डिप्टी सैकेट्री), आर.डी. शर्मा एडवोकेट, कैलाश गोठवाल, प्रभुदयाल जांगिड, आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, करमचन्द, लालाराम शर्मा पूर्व कोषाध्यक्ष, वी.पी. शर्मा मालवीय नगर, बसंत जिठावा, राजेश, गणपत लाल शर्मा, बाबूलाल शर्मा, एस.एस. जांगिड, रमेश चन्द्र आर्य आदि सहित कई समाज बन्धु व छात्रावास के छात्र उपस्थित हुए।

## अ.भा. जांगिड ब्राह्मण महासभा तहसील सभा कोटपूतली के तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क सा.वि. सम्मेलन में 17 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

14 अप्रैल, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा तहसील सभा कोटपूतली के तत्वावधान में श्री विश्वकर्मा जांगिड ब्राह्मण सामूहिक विवाह आयोजन समिति कोटपूतली (जयपुर) द्वारा लालचन्द मौरीजावाला धर्मशाला कोटपूतली में द्वितीय नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 17 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

वर-वधु का प्रात: आगमन, वर शोभा यात्रा (निकासी), जो विश्वकर्मा मन्दिर से बैण्डबाजे के साथ मुख्य मार्गों से होती हुई समारोह स्थल पर पहुँची। सभी दुल्हे घोड़ियों पर सवार होकर निकासी पर निकले। समारोह का झण्डारोहण, श्री गणेश व विश्वकर्मा पूजन हुआ। तोरण व वरमाला की रस्म अदा की गई तथा सभी नव युगलों का पाणिग्रहण संस्कार पाण्डाल में पाणिग्रहण संस्कार वैदिक मंत्रों के साथ कराया गया। इसके उपरान्त उनको आशीर्वचन व विदाई श्री रविशंकर शर्मा राष्ट्रीय प्रधान एवं श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर द्वारा किया गया। वर-वधुओं को उपहार स्वरूप सभी प्रकार का सामान भी उपलब्ध करवाया गया। जिसमें सिंगल बेड, कूलर, सिलाई मशीन, हाथ घड़ी, दीवार घड़ी, मिक्सर, कुर्सी, बर्तन सेट, ओवन, टेबिल आदि प्रदान किया गया।

दोपहर को सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली तथा समारोह की अध्यक्षता श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथियों में श्री फूलचन्द जी भामाशाह सोडावास, श्री दामोदर पंवार पूर्व तहसील अध्यक्ष शाहपुरा, श्री श्रवण कुमार पूर्व अध्यक्ष अंगारी विकास संस्थान, श्री नन्द लाल खण्डेला, डॉ. शिवराम बहरोड़, श्री भागीरथ जी आंतेला, श्री ओमप्रकाश जी, श्री सूरजमल जी, श्री मिट्ठनलाल तह. अध्यक्ष पावटा, श्री सत्यनारायण जांगिड पूर्व अध्यक्ष जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति जयपुर, समाज के सामाजिक संवाददाता एवं सम्पादकों में श्री मक्खनलाल जांगिड (दैनिक भास्कर), श्री आर.पी. शर्मा विश्वकर्मा टूडे, श्री विनोद कुमार विश्वकर्मा आशीष, श्री रामअवतार पिलवाल दीप विश्वकर्मा, डॉ. मनोज कुमार, अनुपमा राज शर्मा, सरला शर्मा, बबीता शर्मा, सूरजमल जी जमुवारामगढ़, सत्यप्रकाश जांगिड नीमराणा आदि थे।

सभी का सम्मान माल्यार्पण व दुपट्टा ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर समिति अध्यक्ष एवं तह. अध्यक्ष कोटपूतली, श्री धर्मपाल जी एवं पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इससे पूर्व भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया।

मंच संचालन श्री मक्खन लाल जांगिड (संवाददाता दैनिक भास्कर कोटपूतली) द्वारा किया गया।

उद्‍बोधन की कड़ी में श्री नन्दलाल खण्डेला द्वारा संगठन पर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया तथा समाज की कमियों को एक उदाहरण देकर समझाया कि एक लड़के ने आगे से अण्डर शर्ट व पीछे से बाहर कर रखी थी, उससे पूछा कि ऐसा क्या जो तुमने किया है क्या नया फैशन है। लड़के ने जवाब दिया नहीं साहब, मेरी आगे से शर्ट फटी हुई है और पीछे से पेंट इसी को ढकने के लिए मैंने ऐसा किया। समाज में भी यही भावना दिखानी चाहिए।

श्री रामचन्द्र जी से.नि. ने कहा जांगिड ब्राह्मण विकास की राह पर चल पड़ा है। राष्ट्रीय प्रधान जी की सोच दूरदर्शिता पूर्ण है। हमारे तीन समाज बन्धुओं को टिकिट मिला 2 बीजेपी एवं 1 कांग्रेस से। कांग्रेस विधायक हेतु श्री जगदीश चन्द्र जी जीते वहीं श्री राकेश जी एवं रामचन्द्र जी उत्ता विफल रहे। लेकिन ये राजनैतिक चेतना का द्योतक है जो प्रधान जी के कार्यकाल में हुआ। हमें जब भी अवसर मिलता है हम भगवान विश्वकर्मा के नाम से एकजुट व संगठित हो जाते हैं।

श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष द्वारा अपने उद्‍बोधन में धर्मपाल जी (तह. अध्यक्ष कोटपूतली एवं सा.वि. सम्मेलन अध्यक्ष) को धन्यवाद दिया, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में सम्मेलन किया। लेकिन एकता का परिचय देते हुए यह कार्य सफलता पूर्वक पूर्ण किया। सामूहिक विवाह सम्मेलन आज की महत्ती आवश्यकता है, इसमें बहुत कम खर्च होता है, जो आर्थिक समृद्धि समाज को प्रदान करता है। महासभा, प्रदेश सभा, जिला सभा सदैव इस पर कार्य करती

रही है। सामूहिक सम्मेलनों में एक रूपता हो इसके लिए प्रदेश सभा द्वारा एक गाईड लाईन भी जारी की गई है। हमें अगर नि:शुल्क सम्मेलन करना है तो हम 1 रु. भी जोड़ों से नहीं लें बल्कि समाज से सहायता लेकर करें यह हमारे समाज के लिए उन्नति का प्रतीक है।

राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर शर्मा जी ने सर्वप्रथम धर्मपाल जी एवं उनकी कार्यकारिणी को इस सुन्दर आयोजन के लिए बधाई दी। सम्मेलनों से हमारा समाज संगठित होता है, यह हमारी एकता के लिए आवश्यक भी है। राजस्थान में हमारे समाज का नाम सामूहिक सम्मेलनों में अधिक से अधिक करने पर सबसे ऊपर है। हमें जो गाईड लाइन बनाई, उसके अनुसार ही कार्य करना है। अत: भविष्य में इसे फॉलो करें। हम सभी संगठित ही हैं कोई बिखराव नहीं है। हमारा 90 प्रतिशत समाज एक साथ है। हमारा समाज शिक्षा व व्यापार में पीछे नहीं है। हम महासभा के लिए 1 रुपए की बचत भी रेगुलर करते हैं, तो समाज सबसे ऊपर आर्थिक स्थिति में पहुँच सकता है। हमने महासभा का जो पूर्व प्रधान द्वारा भूखण्ड मुण्डका में लिया था उसके सटते हुआ और एक भूखण्ड 2.5 करोड़ में ले लिया है, इसके मॉडल का लोकार्पण भी कर दिया गया। भवन के लिए 5 करोड़ की आवश्यकता होगी, हम सबको इस भवन में अपना योगदान देना है ताकि सभी यह कह सकें इस भवन में मेरा भी योगदान रहे चाहे आप एक ईंट ही क्यों न लगायें। सहयोग दलों के माध्यम से आप अधिक से अधिक सहयोग करें क्योंकि बूंद-बूंद से घड़ा भरता है। आंगीरस पब्लिक स्कूल बांकनेर के 100 वर्ष पूर्ण होने पर 26 मई, 2019 को एक भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें आप सभी अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इसको सफल बनाएं।

इस अवसर पर समाज के गणमान्य बंधुओं में श्री राम किशोर जी आलनपुर, श्री चैनसुख जी एवं नरेश कुमार जी सवाईमाधोपुर, श्री कैलाश जी ठिकरिया, श्री मूलचन्द जी अंगारी धाम, छाजूराम जांगिड, प्रहलाद जांगिड, ओमप्रकाश नारनोली, किशनलाल जांगिड, संतलाल जांगिड, जयनारायण, रतिराम जांगिड, अजय कुमार जांगिड, प्रभुदयाल जांगिड, बंशीराम जांगिड, नवल जांगिड, हनुमान प्रसाद, बिल्लु जांगिड, राधेश्याम जांगिड सहित हजारों की संख्या में समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

अन्त में श्री धर्मपाल जांगिड सम्मेलन समिति अध्यक्ष द्वारा सभी आगन्तुक अतिथियों, समाज बंधुओं व नव युगलों को धन्यवाद प्रेषित किया।

### जिला सभा सवाई माधोपुर की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

18 अप्रैल, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा सवाईमाधोपुर की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थानकी अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

मंचासीन अतिथियों में श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष समारोह अध्यक्ष, डॉ. मुकुट बिहारी जांगिड आर.ए.एस. राज. राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव एवं अतिविशिष्ठ अतिथियों में श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज., श्रीमती संतोष जांगिड महिला प्रदेशाध्यक्ष राज., श्रीमती स्मिता शर्मा महामंत्री प्रदेश सभा, श्री रामरतन जांगिड (रामपुरा डाबड़ी) उपप्रधान महासभा, डॉ. अशोक जांगिड पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री सुखवीर सिंह जौनपुरिया सांसद सवाई माधोपुर के सुपुत्र आदि। विशिष्ठ अतिथियों में श्री कालूलाल जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा (बूंदी), श्री प्रेमप्रकाश जांगिड पार्षद बून्दी, श्री रामेश्वर प्रसाद जांगिड अध्यक्ष जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति जयपुर आदि मंचासीन हुए। सम्मानीय अतिथियों में श्री मदनलाल जांगिड जिलाध्यक्ष कोटा, श्री रतनलाल जांगिड जिलाध्यक्ष बूंदी, श्री भंवरलाल सरपंच भजनेरी, श्री घासीलाल जांगिड उपाध्यक्ष प्रदेश सभा राज., श्री राधेश्याम जांगिड तीतरवाड़िया जयपुर, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री के.एल. शर्मा, श्री चौथमल जांगिड उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री रमेश चन्द जांगिड रजमाणा, श्री रामस्वरूप जांगिड सांगानेर, श्री शंकर लाल जांगिड, श्री दौलत जी सभी जां. समाज हस्तकला सेवा समिति जयपुर से, श्री कृपा शंकर एडवोकेट आदि मंचासीन हुए।

सभी मंचासीन अतिथियों द्वारा त्रिनेत्र गणेश जी एवं विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना की तथा सभी ने सामूहिक भगवान विश्वकर्मा जी की आरती कर समारोह का शुभारंभ किया गया।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे श्री लखन शर्मा का माल्यार्पण कर, दुपट्टा ओढ़ाकर, साफा बंधवाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर श्री राजेन्द्र कुमार जांगिड अध्यक्ष जिलासभा, श्री प्रेमराज शर्मा (महामंत्री), श्री रामबिलास जांगिड (कोषाध्यक्ष) द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं सभी मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर, दुपट्टा ओढ़ाकर, प्रतीक चिह्न भेंटकर जिला सभा के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया।

नवगठित कार्यकारिणी (लगभग 125) को श्री बी.सी. शर्मा जी, श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल', डॉ. मुकुट बिहारी, श्री हुकमचन्द जांगिड आदि द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

मंच संचालन अपने अंदाज में श्री मोहन जांगिड जगतपुरा, जयपुर द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। मंच संचालन ही किसी भी कार्यक्रम या समारोह की जान होती है और मंच संचालन कर्ता ही समारोह को भव्य बनाने का प्रयास करते हैं।

इस अवसर पर उद्बोधन की कड़ी में डॉ. मुकुट बिहारी जांगिड (आर.ए.एस.) ने बताया कि गत 15 वर्षों से हमारे समाज का कोई भी बंधु आर.ए.एस. में नहीं आया है। वर्तमान में दो आर.ए.एस. हैं सवाई माधोपुर से जो 15-16 वर्षों तक सेवारत रहेंगे। हमारे समाज के लिए भी हम कार्य कर सकते हैं कोई छोटी सी भी गलती हो जाए तो पीछे हमारे कोई सपोर्ट नहीं है, न ही सामाजिक संगठन, न ही राजनैतिक संगठन। इसलिए हमें राजनीति में भी आगे आना होगा। आज सभी तरह की पोस्टिंग पोलिटिक्ल ग्राउण्ड पर होती है और हम इसमें नहीं के बराबर हैं। अत: जो ईमानदारी से ये जिम्मेदारी उठा सकते हैं उनको आगे आकर ये जिम्मेदारी लेनी चाहिए। सामूहिक सम्मेलनों के साथ-साथ हमें शिक्षा को महत्व देना है, कॉलेज, कॉचिंग सेन्टर खोलने

चाहिए। मेरे ऑफिस के दरवाजे सदैव समाज के लिए खुले हुए हैं और इस बात को समाज जानता भी है। क्योंकि मैं शुरू से ही समाज सेवा में कार्य करने वाले परिवार से हूँ। मेरे पिताजी व चाचाजी बहुत लम्बे समय से समाज सेवा में हैं। आपका कोई भी कार्य लीगल है तो मैं सदैव आपके साथ रहूंगा यह विश्वास दिलाता हूँ।

श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' द्वारा अपने उद्‌बोधन में कहा कि हम यदि कठिन परिश्रम करते हैं तो लक्ष्य नामुमकिन नहीं है। 8वीं से लेकर 11वीं कक्षा तक की यदि छात्र/छात्राएं टेक्स्ट बुक को पढ़ ले और ग्रेजुएशन किसी भी स्ट्रीम में करे वह प्रशासनिक सेवा में जाने योग्य हो जाता है। हमें बच्चे के इच्छा के अनुकूल ही स्ट्रीम का चुनाव करना चाहिए, क्योंकि आर.ए.एस. और आई.ए.एस. दोनों के लिए पृथक-पृथक तैयारी करनी पड़ती है। प्रशासनिक सेवा में देश व समाज सेवा वर्षों तक की जा सकती है। राजनीति में भी हमें अपनी क्षमता को जब ही काम में लेना चाहिए यदि समय व पैसा हमारे पास हो और जब ही हम राष्ट्र व समाज की सेवा कर सकते हैं। हमें अपने इगो को छोड़ना चाहिए अहंकार का समाज सेवा में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। पद एक अलग व्यवस्था है। हमें अपने बच्चों को सुसंस्कार देना चाहिए।

श्री बी.सी. शर्मा जी ने कहा कि समाज में संगठन ही सर्वोपरि है और समाज संगठन के माध्यम से ही हम शिक्षा, राजनैतिक एवं अन्य गतिविधियों में सफल हो सकते हैं।

श्री कालू लाल जी जांगिड ने उद्‌बोधन में सर्व प्रथम नवगठित कार्यकारिणी को धन्यवाद देते हुए कहा महासभा, प्रदेश सभा द्वारा कितना योगदान है। राजनैतिक क्षेत्र में हमारी कोई अप्रोच नहीं है। कोई एम.पी., एम.एल.ए. नहीं है। जगदीश चन्द्र जी सादुलशहर से नए एम.एल.ए. बने हैं। मैं 10 वर्षों तक बी.जे.पी. का बून्दी जिले का जिलाध्यक्ष रहा, जबकि केवल 2-3 हजार ही हमारे समाज बन्धु ही हैं, बूंदी विधानसभा में। हमारे समाज में कोई क्राइम नहीं करता, चरित्रवान है, निष्ठावान है और समाज को इस पर गर्व है। सामूहिक विवाह सम्मेलन मील का पत्थर साबित हुआ है, लेकिन समाज हित में हमें और कुछ कार्य भी करने होंगे। इस समारोह में भी हमें कुछ सीखना है। कम से कम एक कुरुति या बुराई हमें छोड़ जाना है और समाज हित में कार्य करना है।

समाज में शिक्षा अति महत्वपूर्ण है इसके लिए हमें "शिक्षा कोष" तैयार करना है। हमें टीम तैयार करनी है तथा लगभग 5000 समाज बन्धुओं को इसमें जोड़ना है और जो आगे शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ हैं हमें उसको शिक्षा में आगे बढ़ाना है।

श्री लखन शर्मा ने अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में कहा कि हमारी महासभा को 112 वर्ष हो गए हैं, हम जो यह शपथ लेते हैं यह कोई छोटी बात नहीं है, हमें व्यक्तिगत इगो को छोड़ना होगा तथा ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। हमारी पहचान ही हमारे समाज की पहचान है यदि समाज का मान बढ़ता है तो स्वतः ही आपका भी मान बढ़ेगा। आज हम कहाँ खड़े हैं। हमारा समाज एक ईमानदार समाज है और सदैव से ही दूसरों के लिए कार्य करता हुआ आया है। हम यहाँ माला, साफा व सम्मान के लिए नहीं आए हैं आप सभी आकर जो पाण्डाल में विराजे हैं यही हमारा सम्मान है।

माता-पिता या संरक्षकों को उनके बच्चों को रूचि के अनुसार यदि बच्चे की डॉक्टर बनने की इच्छा है तो आपको डॉक्टर से उन्हें मिलवाकर सलाह दिलाइए यदि इंजीनियर बनना है तो इंजीनियर्स से और यदि आई.ए.एस. में जाना है तो आई.ए.एस. से मिलकर सलाह लेनी चाहिए।

हमें भगवान विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद प्राप्त है हम देश की इकोनॉमी में अपना स्थान रखते हैं। हम पीछे क्यों हैं हमें भविष्य में आगे आना होगा, हम मन्दिर बनाते हैं फिर उसके बाद क्या? सभी भगवानों का डर है लेकिन हमारे आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा जी का डर नहीं है, इसलिए और मन्दिरों में तो जाते हैं लेकिन विश्वकर्मा जी के मन्दिर में नहीं जाते, इसलिए वहाँ कब्जे भी हो जाते हैं। हमें हमारे ईष्ट देव को सदैव याद रखना है, उनके नाम से प्रसाद, सवामणी, भण्डारा आदि करें। महिलाओं को आगे लाने के लिए हमने महिला प्रदेशाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का गठन किया है। लड़कियां पढ़ने में आगे हैं लड़के हमारे समाज में बहुत पीछे है उनको भी आगे लाने की आवश्यकता है।

राजनीति में हम वोट देते हैं भविष्य में एम.पी., एम.एल.ए. से जरूर पूछे कि आपको वोट क्यों दें। उनसे कहें हमें हमारे प्रधान एवं प्रदेश अध्यक्ष जिसे कहेंगे उनको वोट देंगे।

आपने सरकारी योजनाओं के लिए कहा कि हमारी सरकार सबसे बड़ी भामाशाह है हमें इन योजनाओं का पूर्ण रूपेण लाभ उठाना चाहिए। आप सबसे पहले तो ऑफिस को सुव्यवस्थित करें तथा नियमित बैठने पर ही कार्य सही ढंग से निपुण हो सकेंगे।

श्री हुकम चन्द शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष सवाई माधोपुर ने भी अपनी समस्याएं व अतिथियों के विचारों का निराकरण किया तथा अपने ओजस्वी भाषण से सभी को मंत्र-मुग्ध किया।

इस अवसर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों में श्री प्रभु दयाल जी वाटिका (जयपुर), श्री पूरण जी कुस्तला, श्री बृजमोहन जी सवाई माधोपुर, श्री रमेश जी सवाई माधोपुर, श्री कुंज बिहारी जी बरवाड़ा, श्रीमती कौशल्या देवी, श्रीमती ममता देवी, श्री जगदीश जी लालसोट, श्री सत्यनारायण जी तह. अध्यक्ष खण्डार, श्री रामकिशोर जांगिड आलनपुर, श्री गणपत लाल जांगिड खण्डार, श्री रघुनन्दन जांगिड छाण, श्री रतीभान शर्मा से.नि. फौजी, श्री त्रिवेदी जांगिड खिरणी, श्री ब्रह्मप्रकाश जी पूर्व महामंत्री, श्री बनवारी लाल हथडौली, श्री बलराज जी उपमन्यु (लेक्चरार), श्री सुनेश जी, हर्षराज जी, श्री मुकेश जी लावण्डीवाल, श्री कन्हैयालाल धामा (देहदानी) जयपुर, जगदीश प्रसाद जी हथडौली, श्री जगदीश चन्द शर्मा से.नि. इंजी. बड़ागांव, श्री दामोदर प्रसाद बड़ागांव, श्री उमाशंकर जांगिड सिवाड़, श्री सीताराम जी से.नि. पोस्ट मास्टर श्योपुर, श्री कजोड़मल जांगिड एवं श्री मोहन जांगिड उवलाना, श्री सत्यप्रकाश कोटा, श्री लड्डूराम जांगिड उपाध्यक्ष, श्री नवल जांगिड तह. अध्यक्ष बौंली, श्री भुवनेश जांगिड बांरा, श्री सत्य प्रकाश खेरदा, श्री बिरधीचन्द जी तह. अध्यक्ष इन्द्रगढ़, श्री रामप्रसाद जी, श्री आदित्य प्रकाश जांगिड, श्री मदन लाल प्रभारी, श्री हनुमान सहाय अलीगढ़, श्री रामप्रसाद जांगिड

इटावा, श्री लखन लाल सरपंच, अशोक जांगिड तह. अध्यक्ष इटावा, शंकर लाल जांगिड पूर्व तह. अध्यक्ष इटावा, श्री रामस्वरूप जी इटावा, श्री राजेन्द्र कुमार जांगिड सवाई माधोपुर आदि उपस्थित थे।

अंत में श्री राजेन्द्र कुमार जांगिड जिलाध्यक्ष द्वारा सभी अतिथियों, कार्यकारिणी एवं समाज बंधुओं को धन्यावाद ज्ञापित किया तथा सभी को सहभोज के लिए आमंत्रित किया।

**तहसील सभा विराट नगर (जयपुर) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समरोह सम्पन्न**

21 अप्रैल, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा तहसील सभा विराट नगर (जयपुर) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह जैन नसियां, पावटा रोड़, बाल आश्रम के पास, विराट नगर में आयोजित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान महासभा तथा समारोह की अध्यक्षता श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर द्वारा की गई।

विशिष्ठ अतिथियों में स्थानीय विधायक श्री इन्द्राज गुर्जर, नोबल शांति पुरस्कार विजेता बचपन बचाओ आन्दोलन के प्रणेता श्री कैलाश सत्यार्थी, श्री मदनलाल जांगिड जिलाध्यक्ष अलवर, श्री कैलाश चन्द जांगिड प्रधान विश्वकर्मा एज्युकेशन ट्रस्ट दिल्ली, श्री गंगादीन जांगिड प्रधान विश्वकर्मा मन्दिर पहाड़गंज (दिल्ली), श्री जगदीश जी सातलपुर महामंत्री दिल्ली, श्री प्रेम जी जी.एस.टी, डॉ. अशोक जांगिड पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री नन्दलाल खण्डेला, डॉ. मुकेश समलेटी राष्ट्रीय जगणना अध्यक्ष, श्री बनवारी जी कोटपूतली उपप्रधान महासभा, श्री मनोहर लाल जी जांगिड अधिशाषी अभियन्ता पी.एच.ई.डी., श्री गजानन्द जी जांगिड अधिशाषी अभियन्ता पी.डब्ल्यू.डी., डॉ. सुमन शर्मा, श्री रामजीलाल विराट नगर संगठन मंत्री महासभा, श्री बृजमोहन जांगिड समेल उपप्रधान महासभा, श्री महेश जांगिड प्रवक्ता प्रदेश सभा राज. जयपुर, श्री राधेश्याम जांगिड कार्यालय मंत्री महासभा, श्री नवीन जांगिड उपाध्यक्ष जिला सभा जयपुर, श्रीमती अंजु जांगिड महिला जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री राहुल शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, श्री मक्खन लाल जांगिड संवाददाता (पत्रकार) दैनिक भास्कर, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया कोषाध्यक्ष जिला सभा जयपुर, श्री राधेश्याम जी पावटा, श्री आनन्दी लाल जी एवं श्री कैलाश जी पावटा उपप्रधान महासभा, श्री सुभाष जी प्राचार्य नर्सिंग कॉलेज एस.एम.एस. जयपुर, श्रीमती अंजु जांगिड महिला जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री सीताराम टटेरा उपाध्यक्ष प्रदेश सभा जयपुर, श्री पी.एन. शर्मा उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, रोहिताश जी उपाध्यक्ष प्रदेश सभा राज., सतीश कुमार जी जगतपुरा जयपुर, सुरेश जी जगतपुरा, मालीराम जी उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, शीला जांगिड (सींगर) आदि मंचासीन हुए।

अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना की गई एवं सामूहिक आरती हुई।

अतिथियों का माल्यार्पण, दुपट्टा ओढ़ाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं साफा बंधवाकर श्री बाबूलाल जांगिड तहसील अध्यक्ष, श्री छाजूलाल जी, श्री गजानन्द जांगिड, श्री मनोहर लाल जांगिड, श्री रामजीलाल जांगिड एवं तहसील के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

उद्बोधन की कड़ी में श्री कैलाश सत्यार्थी नोबल शांति पुरस्कार विजेता ने शिक्षा पर बल दिया तथा जागरूकता ही व्यक्ति की सोच के विस्तृत द्वार खोलती है। अगर कोई मेहनत करने की ठान ले तो सफलता स्वत: ही एक दिन उसके कदम चूमेगी। विराट नगर विधायक श्री इन्द्राज जी गुर्जर ने कहा विश्वकर्मा समाज का मानव समाज को हर क्षेत्र में तकनीकी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और सम्पूर्ण समाज विश्वकर्मा समाज का आभारी है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर शर्मा, जिलाध्यक्ष जयपुर श्री घनश्याम पंवार एवं अतिथियों द्वारा नवगठित कार्यकारिणी के 45 पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

रविशंकर शर्मा मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम श्री बाबूलाल जी तह. अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारिणी को इस भव्य समारोह के लिए बधाई दी। हमें अच्छी सोच रखते हुए आगे बढ़ना है तथा संगठित रहना है तथा एक जुट रहकर पूरे देश में समाज का एक मैसेज जाना चाहिए। सभी तरफ हम आगे बढ़ रहे हैं। यदि हम 1 रु. प्रतिदिन की बचत कर महासभा को तन, मन, धन से मदद करें तो हमारा समाज इतना आगे बढ़ जाएगा और हमें किसी भी प्रकार से चंदा मांगने की आवश्यकता भी नहीं होगी। हमारा समाज भी अब आगे बढ़ रहा है। आज पहली बार विराट नगर में भव्य आयोजन हुआ इसके लिए आयोजनकर्ता धन्यवाद के पात्र हैं।

श्री घनश्याम जी जिलाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए जिसमें तहसील सभा स्तर का भव्य आयोजन देखने को मिला। उन्होंने तहसील सभा के पदाधिकारियों के अतिरिक्त श्री गजानन्द जी एक्सईएन, श्री मनोहर जी एक्सईएन जी को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने इस कार्यक्रम में अपना पूरा सहयोग प्रदान किया। महासभा हमारी राष्ट्रीय संस्था है। हम सब संगठित हैं और जयपुर में 70 समाज की संस्थाएं है जो कार्यरत हैं। प्रतिदिन कहीं न कहीं कोई आयोजन होता रहता है। राजनैतिक क्षेत्र में अभी हम बहुत पीछे हैं। पिछले विधान सभा चुनाव में कांग्रेस ने हमारे एक मात्र प्रत्याशी श्री जगदीश चन्द्र जी को सादुलशहर से टिकिट दिया और वो विजयी हुए और 2 टिकट भाजपा ने हमारे समाज के प्रत्याशियों को दिए, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। लेकिन दोनों बड़ी पार्टियों ने हमें अनदेखा नहीं किया। हम बिराट नगर के विधायक जी से निवेदन करना चाहते हैं कि वे हमारे समाज को भी प्रतिनिधित्व दिलाने में सहयोग करें, क्योंकि अब हमारा समाज एक जुट है और संगठित भी। शिक्षा में भी हम बहुत आगे आ रहे हैं, कॉम्पीटीशन आदि प्रतियोगिताओं में भी हम अच्छी रैंक के साथ आगे रहे हैं। इण्डस्ट्रीज में भी हमने शौहरत हासिल की है। राजस्थान ही नहीं बल्कि देश-विदेश में हमारा परचम लहरा रहा है। जिला सभा द्वारा और समाज की कई संस्थाओं द्वारा देश में खेल-कूदों को बढ़ावा दिया जा रहा है। हमारा समाज मेहनती समाज है तथा अपराधिक मामलों से दूर रहा है। बल्कि हमारा समाज दूसरे समाजों का सहयोगी रहता है, यह अनुपात 1:100 का है। शिक्षा कल्याण

कोष की जिला सभा ने स्थापना की है। जो निश्चित रूप से सीधा-सीधा बच्चों के लिए ही उपयोग में लिया जाएगा। महासभा भवन के लिए पहले पूर्व प्रधान जी द्वारा 450 वर्गगज भूमि क्रय की। वर्तमान प्रधान जी द्वारा भी और इसके साथ का भूखण्ड महासभा भवन के लिए क्रय कर लिया व शीघ्र ही इस पर निर्माण प्रारंभ हो जाएगा। आप सभी इस भवन में सहयोग पत्र के माध्यम से योगदान अवश्य देवें।

श्री मक्खन लाल जी पत्रकार द्वारा भी बताया कि विधायक साहब मेरे बचपन के साथी हैं तथा उनके आगमन पर उनको बधाई देते हुए अपील की जितनी भी हो सके हमारे समाज के लिए सहायता की जाए।

विधायक महोदय ने कहा कि आपका समाज तो मेहनती समाज रहा है। 90 प्रतिशत कार्य आपने समाज द्वारा किए जाते हैं। मुझे सदैव आपके समाज का सहयोग मिला है। पूरा भरोसा दिलाया समाज को मदद करने का।

इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धगणों में श्री मोहन जी खटवाड़िया अध्यक्ष अंगारी धाम, डॉ. राधेश्याम जी, श्री बाबूलाल जी लुहाकना, श्री बिष्णु जी, श्री श्रवण जी अंगारी पूर्व अध्यक्ष अंगारी धाम, श्री मुकेश पार्षद चौमूं, श्री प्रहलाद जी पंवार अध्यक्ष जांगिड सेवा समिति चौमूं, कैप्टन हेमराज, श्री रोहिताश जी कोटपूतली, श्री मुंशी लाल जी, श्री भगवान सहाय चुनाव अधिकारी जयपुर, डॉ. देवेन्द्र छीपा, श्री राजेश सज्जन मनोहरपुर, श्री कैलाश जी ठीकरिया, मूलचन्द जी, गोपाल जी बीलवाड़ी, श्री मिठ्ठन लाल जी तह. अध्यक्ष पावटा, श्री अशोक हरसोलिया संरक्षक कारपेन्टर एसोसिएशन, श्री बाबूलाल जी जिलाध्यक्ष कारपेन्टर एसोसिएशन जयपुर, श्री रामजीलाल जी पनियाला, श्री रामचन्द्र जी से.नि. अध्यापक, श्री मातादीन जी हवलदार, श्री मदनलाल जी आमेरिया, श्री हनुमान सहाय जी, श्री सीताराम जी, श्री राजेन्द्र जी सभी बस बॉडी एसोसिएशन जयपुर से, श्री कैलाश जी गोठवाल जयपुर, श्री रामगोपाल जी जयपुर, श्री धर्मेन्द्र जांगिड मुरलीपुरा सीकर रोड़, जयपुर, श्री महेश जी पांच्यावाला ब्लॉक अध्यक्ष जयपुर इसके अलावा सभी तहसीलों से व जिलों से समाज बन्धु उपस्थित हुए।

अन्त में श्री बाबूलाल (अध्यक्ष) जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा स्नेह भोज पर आमंत्रित किया।

**तहसील सभा एवं विकास समिति निवाई के तत्वावधान में आयोजित चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन में 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे**

22 अप्रैल, 2019 को तहसील सभा निवाई एवं जांगिड विकास समिति निवाई के संयुक्त तत्वावधान में भव्य चतुर्थ आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन शिव मंगल पैराडाईज, टोंक रोड़, विश्वकर्मा मंदिर के पास किया गया, जिसमें 51 नवयुगल विवाह बंधन में बंधे।

21 अप्रैल, 2019 को वर-वधुओं का आगमन हुआ। कलश शोभा यात्रा निकाली गई। भात का कार्यक्रम हुआ तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भोजन प्रसादी हुई।

22 अप्रैल, 2019 को सर्वप्रथम झण्डारोहण किया गया, गणेश पूजन एवं विश्वकर्मा जी का पूजन हुआ।

वर शोभा यात्रा विश्वकर्मा मन्दिर से बैण्ड बाजे व लवाजमें के साथ निकाली गई, जो विवाह स्थल पाण्डाल में पहुँची, तौरण की रस्म अदा की गई। वरमाला का मनमोहक दृश्य रहा, जहाँ दोनों वर व वधुओं ने एक-दूसरे को वरमाला डाली। इसके पश्चात् सभी वर-वधु पाणिग्रहण संस्कार के लिए पाणिग्रहण पाण्डाल में पहुँचे। वहाँ विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ पाणिग्रहण संस्कार करवाया गया।

दोपहर को सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री बाबूलाल जांगिड (करेड़ा) जिलाध्यक्ष टोंक द्वारा की गई। समारोह के अध्यक्ष श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान थे। विशिष्ट अतिथियों में श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री नन्दलाल खण्डेला, श्री बाबूलाल जी देवड़ावास पूर्व जिलाध्यक्ष टोंक, श्री गोपाल जी रेवाड़िया पूर्व जिलाध्यक्ष टोंक, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष टोंक, डॉ. मुकेश समलेटी जनगणना राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री मूलचन्द जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष सवाई माधोपुर, श्री राजेन्द्र कुमार पाली जिलाध्यक्ष सवाई माधोपुर, श्री प्रहलाद सहाय जांगिड दत्तवास, श्री राजेश जांगिड नोहटा तहसील अध्यक्ष सांगानेर, श्री हरिनारायण जांगिड पूर्व अध्यक्ष जांगिड हस्तकला सेवा समिति गुर्जर की थड़ी, श्री रूपनारायण शर्मा से.नि. अध्यापक पराणा वाले (जयपुर), श्री भंवरलाल जांगिड पूर्व सरपंच भजनेरी, श्री केदारमल जांगिड खणडवा, श्री मुंशी लाल जी जयपुर, श्री धर्मवीर जांगिड विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति, श्री रामअवतार जांगिड शिवसेना जयपुर, श्री लल्लूलाल सेदरिया पूर्व तहसील अध्यक्ष निवाई, श्री सुरेश जी महामंत्री तह. सांगानेर, श्री रघुनन्दन जी छाण, श्री पूरण जी टोंक, श्री राधेश्याम जी बासड़ा तह. अध्यक्ष निवाई, श्री रामेश्वर प्रसाद जी जांगिड विकास समिति निवाई, श्री सुरेश जांगिड खारी कुई सम्मेलन अध्यक्ष, श्री श्योजीराम जी पालगंज, श्री भैरूलाल जी गिरदावर पूर्व महामंत्री टोंक, श्री मनोज जांगिड जांगिड युवा शक्ति, मोहनलाल कारपेन्टर से.नि. प्रधानाचार्य, श्री राधेश्याम जांगिड उखलाना, श्री हनुमान जी तह. अध्यक्ष बगरू, श्री बृजमोहन जांगिड दौलतपुरा, श्री कृष्ण कुमार जांगिड पत्रकार पीपलू, श्री रामस्वरूप जी बल्लूपुरा, बद्री जी बिडोली, आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, राजनैतिक क्षेत्र से श्रीमती दयावती जौनपुरिया पत्नी श्री सुखवीर सिंह जौनपुरिया सांसद व भाजपा प्रत्याशी टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र, विधायक श्री प्रशांत बैरवा निवाई-पीपलू विधान सभा क्षेत्र, श्री धर्मवीर जौनपुरिया पूर्व सरपंच गुड़गांव हरियाणा, श्रीमती राजकुमारी शर्मा चेयरपर्सन नगर पालिका निवाई, श्री लक्ष्मण जांगिड भाजपा देहात मण्डल निवाई (नटवाड़ा), श्री रामअवतार शर्मा भाजपा शहर मण्डल निवाई, श्रीमती रेखा भड़ाना पार्षद नगर पालिका निवाई, श्री सीताराम गुर्जर हरभावता आदि मंचासीन हुए।

मंचासीन अतिथियों का सम्मान माल्यार्पण, साफा बंधवाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर श्री सुरेश जांगिड अध्यक्ष सम्मेलन, श्री राधेश्याम जी बासड़ा तहसील अध्यक्ष, रमेश जी मित्रपुरा, श्री रामेश्वर जी जेतपुरा विकास समिति अध्यक्ष, श्री राजाराम जी सेदरिया, श्री

कैलाश जी चैनपुरा, श्री गिरिराज जी दत्तवास, श्री कन्हैयालाल सिरस, लल्लू लाल जी सेदरिया, श्री शशिकान्त मोहम्मदगढ़, नारायण जी बिड़ोलो, नारायण जी भुरटिया, जगदीश जी भावंता, कन्हैयालाल जी हनोतिया, मोहनलाल जी कारपेन्टर, राधेश्याम जी राजोत्या, बद्रीलाल जी सिरोही, बद्री जी बिड़ोली एवं पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

उद्‌बोधन की कड़ी में श्री मूलचन्द जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष सवाईमाधोपुर ने सामाजिक संगठन, शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत करने का आह्वान किया तथा लड़कियों को पढ़ाओं वे आगे चलकर दो परिवारों को संवारती हैं। बच्चों को भी हमें शिक्षा देना है ताकि अनुपात लड़के व लड़कियों का एक सा हो।

श्री प्रशांत बैरवा एम.एल.ए. निवाई ने भी अपने उद्‌बोधन में आयोजन समिति को धन्यवाद दिया तथा अभी आचार संहिता के चलते मैं कुछ नहीं कहूँगा, लेकिन जांगिड समाज को भरपूर सहयोग दूंगा। उन्होंने 25000/-रु. अपनी तरफ से कन्यादान स्वरूप प्रदान किए। उन्होंने भी समाज को विकास की ओर ले जाने के लिए शिक्षा को ही महत्वपूर्ण बताया। श्री नन्दलाल खण्डेला जो कि ''प्रदेश आपके द्वार'' के अध्यक्ष हैं, उन्होंने भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान में प्रदेश सभा बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है।

डॉ. मुकेश समलेटी द्वारा भी समिति को बधाई दी कि उन्होंने भव्य सामूहिक सम्मेलन का आयोजन किया। उन्होंने उच्च शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि समाज की पहचान दूसरे समाजों में बढ़ेगी। अभी हमारे समाज में सबसे अधिक सामूहिक विवाह सम्मेलन हो रहे हैं। यहाँ भी सुन्दर व्यवस्था की गई है और यह सम्मेलनों के माध्यम से हमारे समाज में संगठन मजबूत हुआ है।

श्री लखन शर्मा मुख्य अतिथि द्वारा राजनीति पर अपने विस्तृत विचार रखे। शिक्षा पर बल दिया और कहा कि शिक्षा से ही समाज उन्नति की ओर अग्रसर होगा। आपने भगवान विश्वकर्मा जी के लिए कहा हमें उन्हें याद रखना है। अभी कुछ समय पूर्व जयपुर में विश्वकर्मा कथा का भव्य आयोजन हुआ, जिसकी गूंज पूरे देश में सुनाई दी। हम मन्दिर बनाकर छोड़ देते हैं। हमें नियमित मन्दिर जाना चाहिए, भगवान विश्वकर्मा जी के नाम से प्रसादी करनी चाहिए, भण्डारा, सवामणी करनी चाहिए। उन्होंने आयोजन कर्ताओं को बधाई दी। नव-युगलों को आशीर्वचन कहे।

51 नव-युगलों का पाणिग्रहण संस्कार के बाद पाण्डाल में उनको अतिथियों द्वारा आशीर्वाद प्रदान किया तथा विदाई दी गई एवं उपहार स्वरूप उन्हें समिति व समाज बन्धुओं द्वारा भेंट (कन्यादान) के रूप में पलंग, गद्दा, तकिया, बेडशीट, आलमारी, चौकी, कूलर, कुर्सी (2), सिलाई मशीन, प्रेस, बर्तनों में टंकी, चरा, चरी, लोटा, धामा, जग, गिलास, कटोरी-4, थाली-2, भगोनी-2, परात, चमचा, चम्मच-2, कांसी कचोला (अतिरिक्त पांच बर्तन), दीवार घड़ी-2, वधु हाथ घड़ी, 151रु. नकद व 2 कलेण्डर, ज्वेलरी में टीका, मंगलसूत्र, नाक बाली (सोना), पायजेब, अंगूठी, चुटकी जोड़ी (चांदी) आदि प्रदान की गई।

मंच संचालन श्री मोहन जांगिड जगतपुरा, श्री सियाराम कुरथल, श्री हरिशंकर जांगिड जयपुर द्वारा किया गया।

सामूहिक विवाह सम्मेलन में पाणिग्रहण पाण्डाल, भोजन पाण्डाल, सामाजिक सम्मेलन पाण्डाल एवं वर-वधु ठहरने की सभी व्यवस्थाएं बहुत सुन्दर थी। सभी ने इस चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन की प्रशंसा की। हजारों की संख्या में पुरुष, महिलाएं व बच्चों की उपस्थिति रही।

अंत में श्री सुरेश जांगिड सम्मेलन अध्यक्ष श्री राधेश्याम जी तह. अध्यक्ष एवं विकास समिति अध्यक्ष श्री रामेश्वर प्रसाद जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**श्री चामुण्डाराय सेवा संस्थान चांवण (गोगादे) द्वारा आयोजित माँ चामुण्डा माताजी मन्दिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न**

श्री चामुण्डा सेवा संस्थान चांवण (गोगादे) जैसलमेर द्वारा 23 अप्रैल, 2019 से 27 अप्रैल, 2019 तक आयोजित माँ चामुण्डा माताजी के नव निर्मित मन्दिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया गया। महोत्सव में श्री श्री 1008 महन्त श्री प्रतापपुरी जी महाराज (गादिपति तारातरा मठ), श्री श्री 1008 महन्त श्री औंकार भारती जी महाराज (गादिपति परेऊ मठ), श्री श्री 1008 महन्त श्री नृसिंहदास जी महाराज (गादिपति बगेची समदड़ी), श्री श्री महन्त श्री सुखराम दास जी महाराज (गादिपति बगेची, बालोतरा), श्री श्री महन्त श्री हरिदास जी महाराज (गादिपति पाली आश्रम), श्री श्री 1008 महन्त श्री कमल भारती जी महाराज (गादिपति बैशाखी धाम), श्री श्री 1008 महन्त श्री चेतनपुरी जी महाराज (गादिपति खारागढ़ी), श्री श्री 1008 महन्त श्री रावलपुरी जी महाराज (गादिपति स्वामी जी की ढाणी), श्री श्री 1008 महन्त श्री शिव सुखनाथ जी महाराज (गादिपति आसरी मठ जैसलमेर), शिवगिरी जी महाराज (शेरगढ़), निरंजन भारती जी महाराज (बालेटा धाम), बाल भारती जी महाराज (गजरूप सागर), ब्रह्मपुरी जी महाराज (गुलाब सागर), गोरखनाथ जी महाराज (ख्याला मठ), ब्रह्मपुरी जी महाराज (कपुरिया) आदि कई साधु-संतों के सान्निध्य एवं गुरु अनुकम्पा से सम्पन्न हुआ।

23 अप्रैल, 2019 को गणपति पूजन, दश विधि स्नान, हेमाद्रिकृत संकल्प, प्रायश्चित हवन किया गया।

24 अप्रैल, 2019 को सप्तशति पाठ का प्रात: आयोजन किया गया।

25 अप्रैल, 2019 को पीठ पूजन प्रात: से प्रारंभ किया गया।

26 अप्रैल, 2019 को शोभा यात्रा प्रात: 10.15 बजे चामुण्डाय मंदिर चांवण से शुरू हुई। शोभा यात्रा का 2 कि.मी. लम्बा काफिला गोगादे गाँव की परिक्रमा कर वापस मंदिर पहुँचकर सभा के रूप में परिवर्तित हुआ। शोभा यात्रा में जगह-जगह तोरण द्वारा बनाए गए। रंग-बिरंगे परिधानों से युक्त युवतियाँ एवं महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण किए भक्ति गीत गाती हुई शोभायमान हो रही थीं। डी.जे. की मधुर धुन पर भजन मण्डलियां एवं युवा नृत्य करते थिरक रहे थे। पूरे रास्ते में गुलाब के फूलों एवं अबीर गुलाल से शोभा यात्रा का ग्रामवासियों ने सरपंच सुआ कंवर के नेतृत्व में भव्य स्वागत सत्कार

किया। मंदिर परिसर स्थित स्वागत द्वार पर सभी समाज बन्धुओं एवं अतिथिगणों का केसरिया दुपट्टा ओढ़ाकर बहुमान किया जा रहा था। यज्ञ मण्डप प्रवेश, मूर्तियों का जलाधिवास, धान्याधिवास तथा दोपहर को यज्ञ हवन एवं प्रसाद ग्रहण का कार्यक्रम हुआ। सायंकाल श्री अमराराम जी कुलरिया (झलोड़ा हेमावास) समारोह एवं चामुण्डा मन्दिर के अध्यक्ष श्री चामुण्डाराम सेवा संस्थान, श्री नाथुराम कुलरिया (लवां) सचिव, मनोहर कुलरिया (श्री मोहनगढ़) कोषाध्यक्ष, श्री सिरेमल कुलरिया आदि द्वारा पधारे परम श्रद्धेय सन्त-महात्माओं का माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर, प्रतीक चिह्न भेंटकर एवं दक्षिणा प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बाहर से पधारे हुए अतिथियों का सम्मान किया गया, जिनमें जयपुर से पधारे समारोह के अतिविशिष्ट अतिथि श्री रविशंकर जांगिड (राष्ट्रीय प्रधान अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली) का माल्यार्पण कर, पगड़ी पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, दुपट्टा पहनाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर श्री अमराराम जी कुलरिया एवं पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं श्री गिरधारीलाल जांगिड प्रदेशाध्यक्ष कर्नाटक का भी माल्यार्पण कर पगड़ी पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, दुपट्टा पहनाकर, प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। जयपुर से श्री बृजमोहन जांगिड उपप्रधान महासभा, श्री राधेश्याम चिचावा कार्यालय मंत्री महासभा, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे का भी अध्यक्ष अमराराम जी कुलरिया द्वारा सम्मान किया गया। जोधपुर से पधारे समारोह के अतिविशिष्ट अतिथियों श्री अमराराम जी जांगिड (दुबई) अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली, श्री पूनाराम बरनेला उपप्रधान महासभा, श्री एम.डी. शर्मा उद्योगपति एवं श्री जीवराज जी रालडिया जोधपुर का सम्मान अध्यक्ष अमराराम जी कुलरिया एवं पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण, दुपट्टा ओढाकर, पगडी पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रविशंकर जांगिड ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि उच्च शिक्षा एवं अच्छे संस्कारों को ग्रहण करने पर ही हमारा समाज सुखी एवं सम्पन्न बन सकता है। समाज में व्याप्त अनेकानेक कुरुतियों को मिटाकर और नशे से दूर रहकर फिजुलखर्ची रोकने की बात कही। प्रधान जी को बाड़मेर जिला सभा की ओर से बांकाराम बरड़वा के नेतृत्व में महासभा भवन निर्माण हेतु 2 लाख रुपए का चैक महासभा के सिरेमल कुलरिया, करनाराम माकड़, छगनलाल लूंजा, कुंभाराम बुढ़ड़, मदनगोपाल लूंजा, शंकरलाल कुलरिया, राणाराम कुलरिया, नवाराम आम्बा, किस्तुराराम बरड़वा, पवन मुंदड़ ने भेंट किया। उपरोक्त अतिथियों को समय अभाव की वजह से वापस जाना था इसलिए इनका सम्मान आयोजन समिति द्वारा आज ही किया गया।

सांयकाल जोगपुरी, उम्मेदपुरी गोस्वामी एण्ड पार्टी, सिनावड़िया, भंवरलाल सुथार (बेगड़) एण्ड पार्टी, बजू द्वारा भव्य जागरण का कार्यक्रम हुआ, वहीं पर रात्रि को चढ़ावे की बोलियां (लाभार्थी परिवार द्वारा) बोली गई।

**चढ़ावे की बोलियों के लाभार्थी परिवार निम्न प्रकार है:-**

1. मुख्य शिखर : श्रीमान् नगाराम जी, हेमाराम जी चौधाणी कुलरिया परिवार निवासी झलोड़ा हेमावास जिला जैसलमेर।
2. अमर ध्वजा : रामलाल जी, सवाईराम जी, दलपतराम जी, नाथूराम जी पुत्र श्री भींयाराम जी कुलरिया निवासी देचु जिला जोधपुर।
3. चामुण्डाराय मूर्ति स्थापना : पदमाराम जी, भंवरलाल जी कुलरिया परिवार सिलवा जिला बीकानेर (राज.)।
4. शृंगार चौकी प्रथम शिखर : हरजीराम जी, अमानाराम जी, कोजाणी कुलरिया परिवार निवासी डेरिया जिला बाड़मेर (राज.)।
5. शृंगार चौकी मध्यम शिखर : पूंजाराम जी, लालाराम जी, देवाराम जी कुलरिया परिवार केतु जिला जोधपुर (राज.)।
6. अखण्ड ज्योति : भुराराम जी पुत्र श्री जुंजाराम जी कुलरिया निवासी सिंयादा, जिला जोधपुर (राज.)।
7. मुख्य द्वार गणपति मूर्ति स्थापना : देवीलाल जी पुत्र री उदाराम जी कुलरिया निवासी आसाडी, झिनसिनयाली, जिला-जैसलमेर (राज.)।
8. छत्तर री बोली : रामलाल जी, सवाईराम जी, दलपतराम जी, नाथूराम जी पुत्र श्री भींयाराम जी कुलरिया निवासी देचु, जिला-जोधपुर (राज.)।
9. श्री धुप री बोली : छगनलाल जी पुत्र श्री सुखाराम जी कुलरिया निवासी भंवर लाई, जिला-बाड़मेर (राज.)।
10. श्री धर्मादा री बोली : छगनलाल जी पुत्र श्री सुखाराम जी कुलरिया निवासी भंवरलाई, जिला-बाड़मेर (राज.)।
11. श्री वीरघंट री बोली : शंकरलाल जी, बाबूलाल जी पुत्री श्री मंगलाराम जी कुलरिया निवासी अड़बाला, जिला-जैसलमेर (राज.)।
12. श्री चामुंडाजी रे वस्त्री बोली : उम्मेदाराम जी, मोहनलाल जी, चेनाराम जी मोतियाणी कुलरिया परिवार निवासी बागुण्डी, जिला-बाड़मेर (राज.)।
13. श्री शृंगार री बोली : भूराराम जी, सालगराम जी, मालाराम जी, कुम्भाराम जी कुलरिया निवासी शिव नगरी, जिला-बाड़मेर (राज.)।
14. केसर एवं मांग सिंदुर री बोली : नरवताराम जी पुत्र श्री महेशाराम जी कुलरिया निवासी भाड़ली, जिला-बाड़मेर (राज.)।
15. श्री फूल बरसाने री बोली : स्वरूपणी कुलरिया परिवार हड़मत नगर मेरिया, तिस्वणा, जिला-जोधपुर (राज.)।
16. श्री अबीर, गुलाल बरसाने री बोली : गणपतलाल जी पुत्र श्री डूंगराराम जी कुलरिया निवासी रिदवा, जिला-जैसलमेर (राज.)।
17. श्री गोरा भैरू मूर्ति स्थापन : धर्माराम जी पुत्र श्री नारायण जी कुलरिया निवासी सेसावा, जिला-जालौर (राज.)।
18. चामुण्डा जी रे कटोरी, गिलास, चम्मच (चांदी) री बोली : मेघाराम जी पुत्र श्री सबाईराम जी कुलरिया निवासी इटादा, जिला-बाड़मेर (राज.)।
19. चामुण्डा जी रे स्वर्ण मुकुट री बोली : शेराराम जी, नगताराम जी, लालूराम जी, मोहनराम जी, खुशालाराम जी कुलरिया निवासी भालू, अनोपगढ़ एवं रूपाराम जी, रावलराम जी, स्वरूपाराम जी, बाबूलाल जी, घेवरराम जी नथाणी कुलरिया परिवार निवासी केतु, जिला-

जोधपुर (राज.)।

20. श्री क्षेत्रपाल मूर्ति स्थापना : समस्त स्वरूपाणी कुलरिया परिवार निवासी हड़मत नगर, मेरिया, तिरसींगा, जिला-जोधपुर (राज.)।

21. मुख्य पट्ट खोलने री बोली : रामलाल जी, सवाईराम जी, दलपतराम जी, नाथूराम जी पुत्र श्री भींयाराम जी कुलरिया निवासी देचू, जिला-जोधपुर (राज.)।

22. चामुण्डा जी को हार पहनाने री बोली : मनसुख जी, रमेश जी कुलरिया निवासी धेपाएड़ी, जिला-जोधपुर (राज.)।

23. चामुण्डा जी रे प्रथम भोग री बोली : चैनाराम जी, श्रवणराम जी, गोरधनराम जी, भीखाराम जी पुत्र श्री भींयाराम जी कुलरिया निवासी शिव नगरी, जिला-बाड़मेर (राज.)।

24. श्री झारी री बोली : मेघाराम जी पुत्र श्री सवाईराम जी कुलरिया निवासी इटादा, जिला-बाड़मेर (राज.)।

25. चामुण्डा जी रे गले का हार री बोली : टिकमचंद जी पुत्र श्री त्रिलोकचंद जी कुलरिया निवासी गोगादेव, जिला-जैसलमेर (राज.)।

26. श्री चामुण्डाजी रे त्रिशुल री बोली : हीरालाल जी, उदाराम जी, लालाराम जी कुलरिया निवासी-बागावास, जिला-बाड़मेर।

27. श्री पूजा बर्तन एवं टंकोरी री बोली : मोहनलाल जी पुत्र श्री मुलाराम जी कुलरिया निवासी देणोक, जिला-जोधपुर (राज.)।

28. श्री चामुण्डा जी रे नैत्र चढ़ाने री बोली : केसाराम जी पुत्र श्री पूंजाराम जी कुलरिया निवासी गोगादेव, जिला-जैसलमेर (राज.)।

29. श्री घी एवं तेल रे ज्योत री बोली : लखाराम जी पुत्र श्री नारायणराम जी कुलरिया निवासी केलनोर, जिला-बाड़मेर (राज.)।

30. श्री पंचपाव एवं प्रसाद री बोली : गुमानाराम जी पुत्र श्री गोरखाराम जी कुलरिया निवासी मावा, जिला-जैसलमेर (राज.)।

31. श्री चंवर री बोली : सांगाराम जी पुत्र श्री उदाराम जी बरड़वा निवासी खड़ीन, जिला-बाड़मेर (राज.)।

32. श्री चामुण्डा जी रे चांदी पायल री बोली : जगदीश जी पुत्र श्री जेठाराम जी कुलरिया निवासी बिसलपुर, जिला-बीकानेर (राज.)।

33. श्री ढोल नगाड़ा री बोली : शंकर लाल जी, बाबूलाल जी पुत्र श्री मंगलाराम जी कुलरिया निवासी अड़बाला, जिला-जैसलमेर (राज.)।

34. श्री काला भैरू मूर्ति स्थापना : सांगाराम जी पुत्र श्री उदाराम जी बरड़वा निवासी खड़ीन, जिला-बाड़मेर (राज.)।

35. श्री तलवार री बोली : हुकमाराम जी, उम्मेदाराम जी कुलरिया निवासी लाल जी री डूंगरी, जिला-बाड़मेर (राज.)।

36. श्री चामुण्डा जी रे प्रथम मुखावलोकन री बोली : छगनलाल जी, तेजाराम जी कुलरिया निवासी खींया, जिला-जैसलमेर (राज.)।

37. चामुण्डा जी रे गुलाब, चंदन इत्र री बोली : चुतराराम जी पुत्र श्री भींयाराम जी कुलरिया निवासी दुधु, जिला-बाड़मेर (राज.)।

38. श्री तोरण माला री बोली : सांगाराम जी पुत्र श्री उदाराम जी बरड़वा निवासी खड़ीन, जिला-बाड़मेर (राज.)।

39. श्री शंख री बोली : नारायणराम जी पुत्र श्री बुधाराम जी कुलरिया निवासी बागावास, जिला-बाड़मेर (राज.)।

40. श्री झालर री बोली : आसुराम जी, जसाराम जी कुलरिया निवासी कित्ता, जिला-जैसलमेर (राज.)।

समारोह के मुख्य अतिथि संत श्री पदमाराम जी, उगमाराम जी, देव किशन जी, मगाराम जी, भंवर जी, नरसी जी, पूनम जी, कानाराम जी, शंकर जी व धरम जी कुलरिया परिवार सिलवा मूलवास वाले ग्यारह लाख की बोली के मूर्ति के लाभार्थी बने।

27 अप्रैल, 2019 को मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा अभिजीत वेला दोपहर 12.36 से 12.53 तक की गई। शिखर ध्वजा रोहण एवं पूर्णाहुति हुई। प्रतिष्ठा महोत्सव के मुख्य आचार्य पं. धर्मदत्त श्री श्रीमाली (लोडिया) थे।

समारोह मुख्य अतिथि गौसेवी सिलवा निवासी संत पदमाराम जी, भंवरलाल जी (मुख्य संरक्षक महासभा), उगमाराम जी, देवकिशन जी, धर्मचन्द जी, संवित, कैलाश चंद जी जोशी एवं समारोह अध्यक्ष माँ चामुण्डाराय सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष अमराराम जी कुलरिया (झलोड़ा हेमावास) ने मंच को सुशोभित किया। अपने उद्बोधन में संत पदमाराम जी ने बताया कि मंदिर हमारी आस्था के प्रतीक हैं जहाँ बैठने से हमारी आत्मा को शांति एवं प्रसन्नता की प्राप्ति होती है। आपने गौ सेवा की महत्ता पर प्रकाश डाला। महासभा के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष अमराराम सुहेल (भीकमकोर), भारतीय विमान प्राधिकरण के संयुक्त महाप्रबंधक बाबूराम कुलरिया (केतु), प्रदेशाध्यक्ष तमिलनाडू चौखाराम माकड़, पूर्व विधायक छोटू सिंह भाटी, सरपंच प्रतिनिधी स्वरूप सिंह भाटी, जांगिड समाज ट्रस्ट बैंग्लुरु के संस्था प्रमुख भंवरलाल गुगरिया, अध्यक्ष तेजेश लूंजा, किरता राम जी उद्योगपति बैंग्लुरु, श्री सवाईराम जी, रूणाराम जी, गणपत जी, चेनाराम जी, तगाराम जी सभी बैंग्लुरु से, प्रवासी बन्धु देवाराम, मनोहर, मनोहर कुलरिया (झलोड़ा, हेमावास), बालेसर मंदिर अध्यक्ष सांगाराम लोढा, कानोड़ मंदिर अध्यक्ष भूराराम जोपिंग, होड़ू मंदिर अध्यक्ष मघाराम कुलरिया, जगदीश सलुण (कनोई), शिक्षाविद् जीवराज बुढ़ड (सिवाना), बालोतरा छात्रावास अध्यक्ष उम्मेदाराम कुलरिया, कल्याणपुर छात्रावास अध्यक्ष सोनाराम कुलरिया, फलसुण्ड मंदिर अध्यक्ष गोपाराम कुलरिया, धोरिमन्ना मंदिर अध्यक्ष रावताराम जोपिंग, सुथार टाईगर फोर्स के भोमराज कुलरिया इत्यादि समस्त अतिथिगणों का संस्थान अध्यक्ष अमराराम कुलरिया के साथ भामाशाओं ने प्रतीक चिह्न, दुपट्टा एवं माँ चामुण्डा की तस्वीर भेंट कर एवं संत महात्माओं का शॉल एवं तुलसी पत्र भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया।

विशेष सहयोगी : मंदिर निर्माण कार्य के गजधर रामचंद्र कुलरिया (कुंभारकोठा), सवाईराम पड़मा (डेढा), प्रेमसुख (खुडियाला), कानाणी कुलरिया परिवार (कोजा), कल्याणराम (खींया), पुखराज (कलाऊ), चुतराराम (खींया), गुमानाराम (कनोई), कुलरिया परिवार (फलौदी), पीराराम (खींया), सवाईराम (देचु) का साफा, स्मृति चिह्न एवं माँ चामुण्डा जी की प्रतिमा भेंटकर बहुमान किया।

स्मृति चिह्न प्रतिमा के भामशाह : सर्व श्री गोपाराम कुलरिया चौथणी परिवार (झड़ोला हेमावास), जोराराम (फींच), प्रतापराम,

मोहनलाल (अमरपुरा), पुखराज, मंगलाराम, कालुराम, मुकनाराम (पारलू), रावताराम, शंकरलाल (भाऊड़ा), भल्लाराम, गोरधनलाल, उम्मेदाराम, मोहनलाल (बागुण्डी), हरचंदराम, राजूराम खुशालाणी परिवार (सेड़िया), मेघाराम, राणाराम (ईटादा), भंवरलाल (भानावास), पारसमल कुलरिया (बान्डाई)

मंच संचालन : राणाराम कुलरिया (श्री मोहनगढ़) के दिशा-निर्देशन में मुख्य उद्घोषक संजय बुढ़ड़ (जुड़िया), मदन सलुण (कनोई), हरिश गेंपाल (चवा), त्रिलोक माकड़ (जोधपुर), सिरेमल कुलरिया (बालोतरा) का पूर्ण सहयोग रहा।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर, दुपट्टा ओढ़ाकर, शॉल ओढ़ाकर, प्रतीक चिह्न भेंटकर श्री अमराराम जी कुलरिया समारोह एवं संस्था अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया।

उपस्थित प्रमुख समाज बंधु : श्री अशोक मौखा (फलौदी), दिनेश बून्दड़ युवा अध्यक्ष बालेसर, किरताराम (फलसुण्ड), नाथूराम (लवां), भंवरलाल (होपारडी), गोविन्द बी., ओमप्रकाश डी. (केतु), चणणाराम (दुधु), भीमाराम, स्वरूप (अड़बाला), त्रिलोक, वेदप्रकाश, केसराराम, जोराराम (गोगादेव), मोहन (खारा मदेचा), डूंगरराम, किशनाराम (बागवास), धर्माराम, पुखराज (समदड़ी), अधिवक्ता निर्मल (हालीवाव), पन्नालाल आसदेव, रावताराम (भाउड़ा), जसराज, गीलाराम, पुखराज (भाण्डियावास), राणाराम (बागुण्डी), गंगाराम मुंदड़ (दामा), रामलाल (डीसा), नागजी भाई (थराद), सुनील (खेड़ा), आसुराम (सिपला), गोविन्द पी. (जसोल), अशोक सलुण (कनोई) सहित हजारों समाज बंधु मन्दिर निर्माेद्धार एवं मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के साक्षी बने।

अतिथि उद्बोधन हुआ। अन्त में श्री अमराराम जी कुलरिया अध्यक्ष द्वारा अतिथियों एवं हजारों पुरुषों व महिलाओं जो दूर-दराज से यहाँ पधार कर समारोह को भव्य बनाया सभी का हृदय से आभार प्रकट किया।

**-सिरेमल कुलरिया** (संरक्षक महासभा), बालोतरा

## जिला सभा जयपुर द्वारा ठाकुर श्री बद्रीनाथ जी के मन्दिर की भव्यता को सुनिश्चित करने पर मन्दिर परिसर में आम सभा का आयोजन किया

28 अप्रैल, 2019 को प्रात: 11 बजे अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा जयपुर द्वारा ठाकुर श्री बद्रीनाथ जी मन्दिर खजाने वालों का रास्ता, जयपुर प्रांगण में मन्दिर को भव्यता प्रदान करने व मन्दिर के विषय में व्याप्त चर्चाओं को विराम देने, मन्दिर के विकास तथा सामाजिक समरसता को मजबूत करने व वैचारिक चर्चा कर समुचित निर्णय लेने हेतु एक आम सभा का आयोजन रखा गया।

आज सभा की अध्यक्षता श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) प्रदेश प्रभारी राजस्थान द्वारा की गई। इस अवसर पर श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री रामसहाय जी बगवाड़ा उद्योगपति जयपुर, श्री बी.सी. रावत एडवोकेट, श्री गजानन्द जांगिड एक्सईएन अध्यक्ष विश्वकर्मा मन्दिर समिति घाट की गुणी, श्रीमती भारती जांगिड उपप्रधान महासभा, श्री राहुल शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राज., श्री नवीन शर्मा उपाध्यक्ष जिला सभा, श्री रामेश्वर प्रसाद टटेरा पूर्व अध्यक्ष ढेहर का बालाजी, श्री संजय हर्षवाल उपप्रधान महासभा, श्री राम बिहारी तीतरवाड़िया उपप्रधान महासभा, श्री नवल किशोर शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री रमेश चन्द शर्मा महामंत्री जिला सभा, श्री राधेश्याम चिचावा कार्यालय मंत्री महासभा, श्री रामजीलाल संगठन मंत्री महासभा, श्रीमती अंजु जांगिड महिला जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री रामसहाय शर्मा (डिब्बे वाले) अध्यक्ष सीताराम मन्दिर बास सांगानेर, श्री मन्नालाल जी अध्यक्ष गणेश मन्दिर टीबा का बास, श्री मुकेश झाझवाड पूर्व तहसील अध्यक्ष बस्सी, श्री रमेश रावत तहसील अध्यक्ष बस्सी, श्रीमती नीलम शर्मा अध्यक्ष कुबेर समिति, श्री मनोहर लाल जी एक्सईएन, डॉ. अशोक जांगिड पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री प्रवीण जिठावा, श्री डालचन्द धामा, श्री छीतरमल जांगिड महामंत्री कर्मचारी समिति, श्री मोहन जी खटवाड़िया अध्यक्ष अंगिराधाम, श्री सुरेन्द्र जी कासलीवाल उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री ओमप्रकाश लावण्डीवाल पूर्व अध्यक्ष सोडाला समिति, श्री मूलचन्द लावण्डीवाल ब्लॉक अध्यक्ष सीविल लाईन, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया ब्लॉक अध्यक्ष किशनपोल बाजार, श्री कुन्दनमल जांगिड ब्लॉक अध्यक्ष आगरा रोड़, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया कोषाध्यक्ष जिलासभा, श्री राजाकाका (पंवार), श्री हनुमान सहाय कड़वाणिया, श्री योगेश कड़वाणिया, श्री पुरुषोत्तम सीलक, श्री मालीराम जी (मंगलम ग्लास) एवं श्री पी.एन. शर्मा संगठन मंत्री प्रदेश सभा राज., श्री रामचरण जी बोदल्या पूर्व अध्यक्ष शास्त्री नगर, श्री लल्लूलाल जी जायलवाल अध्यक्ष शास्त्री नगर, श्री सीताराम जांगिड (जांगिड इन्टरक्राफ्ट), डॉ. प्रेमनारायण शर्मा, श्री जयनारायण जांगिड, श्री अशोक कुमार जांगिड अध्यक्ष, श्रीमती डिम्पल जांगिड मंत्री प्रदेश सभा, श्री मोहन मोरीवाल, श्री लल्लूलाल जांगिड अध्यक्ष शाखा सभा झोटवाड़ा, श्री सुवालाल जांगिड ढेहर का बालाजी, श्री ओमप्रकाश जी मोरीवाल, श्री सूरज जी वाटिका, श्री सूरज जी घड़ीसाज, श्री कमल किशोर वास्तुकार, श्री रामसहाय जी से.नि. अध्यापक सिंधीकैम्प, श्री कैलाश जी घसवा पूर्व अध्यक्ष सोडाला समिति, श्री राजाराम रोड़वाल, श्री मोहन जी रोड़वाल, श्री सत्यनारायण जी, श्री गणेश नारायण जी एवं श्री जगदीश जी डूंगरी सभी जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति दुर्गापुरा आदि उपस्थित हुए।

मंच संचालन करते हुए श्री रमेश चन्द्र शर्मा महामंत्री जिला सभा ने आज की आम सभा की महत्ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए एजेण्डा से सभी को अवगत कराया।

श्री घनश्याम जी जिलाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि वर्तमान में इस ठाकुर बद्रीनाथ जी के मन्दिर समिति के दो-दो अध्यक्ष हैं, हमने श्री अरूण हर्षवाल जी एवं श्री रामबिहारी तीतरवाड़िया जी से बात की और मन्दिर के बारे में जानकारी प्राप्त की और इसीलिए इस आम सभा का आयोजन रखा गया है ताकि मन्दिर को भव्यता प्रदान कर सकें। आपस में समरसता बनी रहे, कोर्ट में भी केस चल रहा है, हम इस मन्दिर का विकास कर सकें। क्योंकि 18-20 वर्षों से ये मतभेद चल रहे हैं। यदि कोर्ट का परिणाम निकलता है, किसी एक पार्टी के

पक्ष में तो हम किसी एक को गलत नहीं बता सकते और यह विषय समाज के सामने रख रहे हैं। मैं दोनों अध्यक्षों से अपील करना चाहता हूँ कि समाज हित में अपने स्वयं के हितों का त्याग करें। वर्तमान में मन्दिर कमेटी के दो अध्यक्ष हैं (1) श्री अरूण हर्षवाल (2) श्री ओमप्रकाश आसलिया, राजूबाबू (काका) ने कहा दोनों अध्यक्षों को एक साथ बैठकर वार्ता करनी चाहिए तथा समस्या का समाधान करना चाहिए अन्यथा अगर आप अध्यक्ष चुनते हैं तो वो कोर्ट जाकर स्टे भी ले सकते हैं, जबकि दोनों अध्यक्ष ही कहते हैं कि मन्दिर तो समाज का है। पूर्व की सभी बातों का विराम देना चाहिए एवं नई कार्यकारिणी का गठन करना चाहिए।

उन्होंने कहा मैं रामबिहारी जी तीतरवाड़िया की ओर से शत-प्रतिशत कहना चाहूंगा कि अगर दूसरी पार्टी समझोता करती है तो मैं इनकी ओर से पूरा आश्वासन देता हूँ कि समाज जैसे चाहेगा वैसा ही होगा। मैं चाहता हूँ सारे मन्दिर एक झण्डे के नीचे ही हो।

श्री सी.एम उबाणा जी ने कहा कि हम देवस्थान से मन्दिर की पूर्ण जानकारी प्राप्त करेंगे। श्री बद्रीनाथ जी के इतने बड़े मन्दिर की समिति में सदैव झगड़ते हुए ही देखा है शुरूआत से ही। यदि ये समाज की बात नहीं मानते हैं तो सरकार की ओर से एक परिवेक्षक की नियुक्ति की जावे। मैं देवस्थान से सभी कागजात निकलवाकर समाज को दूंगा। यदि आप सभी सहमत हों तो संघर्ष समिति समाज द्वारा बनाई जावे यदि दोनों अध्यक्ष सहमत नहीं होते हैं तो।

डालचन्द धामा ने बताया लगभग 400 वर्ष पुराने इस मन्दिर का निर्माण हुआ उस समय रुपया भी नहीं था, लेकिन उनकी बड़ी सोच ने समाज को इतनी बड़ी प्रोपर्टी दी है। बहुत लम्बे समय के बाद यह मीटिंग हो रही है, मैं जिलाध्यक्ष जी को धन्यवाद देता हूँ। आज हमारे 1.5 लाख समाज के प्रतिनिधित्व करने वाले पदाधिकारी यहाँ विराजमान हैं हमें परिणाम निकालना है तो कोर्ट में नहीं जाना है। आज हमें इस समस्या का समाधान कर निर्णय समाज हित में लेना है।

श्री रामबिहारी तीतरवाड़िया ने कहा सन् 1957-58 में मन्दिर का रजिस्ट्रेशन करवाया गया। देव स्थान में रजिस्ट्रेशन करवाने की क्या जरूरत थी। इसलिए हमने उनको चुनौती दी। विवाद चल रहा है फैसला शीघ्र ही 1-2 महिनों में आने वाला है। मन्दिर की सम्पत्ति 1.5 लाख का चैक आया तो उसे केश क्यों नहीं करवाया। अब जो होगा वो कोर्ट से होगा। आगे अपील नहीं करें। मन्दिर में कोई अव्यवस्था नहीं है। यह मन्दिर बड़ाबास द्वारा निर्मित है और विधान में केवल बड़ाबास के व्यक्ति ही वोट कर सकते हैं।

इस पर छीतरमल जी ने कहा पूरा समाज मिलकर विधान बदल सकता है। श्री घनश्याम जी ने कहा लोकतांत्रिक तरीके से 2-3 वर्ष में चुनाव होने चाहिए। 18-20 वर्षो से नहीं हो रहे हैं। अध्यक्ष दोनों समितियों में कौन है और कब तक रहेगा। जीवन पर्यन्त अध्यक्ष तो नहीं होगा।

15 दिन में दोनों पक्ष आपस में निर्णय कर अपने कोर्ट में चल रहे मामले वापस लें। हमें चुनाव करवाने के लिए कोई एतराज नहीं। 15 दिन बाद यदि कुछ नहीं करते तो समाज अपनी ओर से कोर्ट जाएंगे।

श्री बी.सी. रावत एडवोकेट द्वारा कहा गया कि 15 दिन में दोनों पक्ष सहमत हो तो केस वापस लिया जा सकता है। अगर वे निर्णय नहीं माने तो 5 व्यक्तियों की एक कमेटी बनाकर कोर्ट में पेश की जाए।

श्री घनश्याम जी ने कमेटी के लिए जिम्मेदारी श्री बी.सी. रावत जी को दी तथा श्री सी.एम. उबाणा व श्री उमेश जी उनका सहयोग करेंगे तथा 2 व्यक्ति स्वयं बी.सी. रावत जी सलेक्ट करेंगे जो उनका सहयोग करेंगे।

श्री संजय हर्षवाल जी ने कहा कि अरूण हर्षवाल जी ने अपनी ओर से कहा कि समाज हित में जो निर्णय हो उसे करना है हम तन-मन व धन से सक्रिय रहे हैं और उन्होंने कहा कि आप 15 दिन में निर्णय क्यों लें, आज क्यों नहीं? उन्होंने आज कहा 58 वर्ष पहले मैं यहाँ ही पैदा हुआ हूँ और देखता भी रहा हूँ। मन्दिर खातियान है और खातियान ही रहेगा। जो भी जिलाध्यक्ष का निर्णय होगा हमारे पक्ष द्वारा कागज पर हस्ताक्षर कर दिए जाएंगे। हम तैयार है मन्दिर का उत्थान कराने के लिए। हर्षवाल परिवार मन्दिर का के मुद्दे पर हम सदैव तैयार हैं।

श्री घनश्याम जी ने कहा अरूण हर्षवाल जी की ओर से बड़ा मन दिखा कर समाज हित में बहुत बड़ा निर्णय किया है एवं हमें स्वीकृति दी है।

मुकेश झाझवाड़ एवं नवल किशोर जी ने भी अपने विचार रखे।

श्रीमती भारती जांगिड ने भी जिला सभा को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रोग्रेस की ओर कदम बढ़ाया। गत मीटिंग में सहमति नहीं बनी थी, लेकिन यह पहला अवसर है जो बहुत अच्छा होने जा रहा है।

महेश जांगिड प्रदेश प्रवक्ता द्वारा कहा गया कि 15 दिन का समय क्यों आज निर्णय क्यों नहीं हो सकता। श्री रामसहाय जी द्वारा भी अपने विचार सभा में रखे तथा कहा निर्णय आज ही हो।

अन्त में श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) जिन्होंने आज की सभा के अध्यक्षता की। श्री कैलाश जी कहा कि जिला सभा द्वारा अधिगृहित सम्पत्तियों के संरक्षण की पहल करने पर श्री घनश्याम जी को धन्यवाद दिया तथा जिला सभा द्वारा 15 दिन का निर्णय ले लिया गया है। इस दौरान दोनों पक्षों के अध्यक्ष आपस में बातचीत कर कोर्ट केस वापस ले लेवें। यदि उनमें कोई सहमति कोर्ट केस को वापस लेने की नहीं बनती है तो 5 सदस्यीय कमेटी जो कि बी.सी. रावत जी के नेतृत्व में बनी है, वो अपना पक्ष समाज की ओर से कोर्ट में रखेगी। आज दोनों पक्षों के अध्यक्ष सभा में उपस्थित नहीं हुए हैं।

उन्होंने बताया कि 2-3 दिन में कोर्ट की कार्यवाही वापस लेने की दोनों पक्ष करेंगें तथा कार्यकारिणी की मीटिंग सम्वत् 8 मई, 2019 को बुलाकर उसमें निर्णय लेंगें। अन्यथा 5 सदस्यीय कमेटी अपना कार्य प्रारंभ करेगी।

अन्त में महामंत्री जिला सभा श्री रमेश चन्द्र ने आज की मीटिंग की सफलता पर खुशी जताते हुए सभी आम सभा में पधारे लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**अ.भा.जां. ब्राह्मण महासभा प्रदेश सभा राज. (महिला शक्ति) की त्रैमासिक मीटिंग एवं अभिनन्दन समारोह सम्पन्न**

31 मार्च, 2019 को प्रदेश सभा, महिला शक्ति राजस्थान की त्रैमासिक मीटिंग प्रदेशाध्यक्ष श्रीमान् लखन जी की अध्यक्षता में दो चरणों में सम्पन्न हुई।

प्रथम चरण में हमारे समाज के सार्दुल शहर से नवनिर्वाचित विधायक श्रीमान् जगदीश चन्द्र जांगिड का भव्य स्वागत प्रदेशाध्यक्ष श्रीमान् लखन जी शर्मा, महामंत्री श्री राजेश शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र जी, महेन्द्र जी, सुरेश जी पीलवाल, बी.सी. शर्मा जी, हरिशंकर जी द्वारा अभिनन्दन पुष्पगुच्छ भेंटकर किया गया तथा प्रदेशाध्यक्ष महिला शक्ति श्रीमती संतोष जांगिड, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मीना जांगिड, महामंत्री स्मिता जांगिड, कोषाध्यक्ष गायत्री शर्मा एवं समस्त जिलों से पधारे जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा भी पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनन्दन किया गया।

मुख्यमंत्री श्री अशोक जी गहलोत के राजनैतिक सलाहकार श्रीमान् पुखराज जी पाराशर का एवं बीकानेर से पधारे श्री रामगोपाल जी जांगिड, तारानगर से श्री राकेश जांगिड का भी भव्य स्वागत किया गया। श्री सुरेश जी पीलवाल ने प्रदेश कार्यकारिणी के अब तक किए गए कार्यो से सभा को अवगत करवाया। प्रदेश राजनैतिक मंच के अध्यक्ष श्री हरिशंकर जी ने मंच के द्वारा अपने उद्बोधन से समाज में राजनीति से जुड़े लोगों को सामाजिक सरोकार एवं सहयोग का विश्वास दिलाया। श्री पुखराज जी पाराशर ने भी सभा को सम्बोधित कर समाज को नई दिशा की ओर अग्रसर होने के लिए ऊर्जा प्रदान की। मुख्य अतिथि श्रीमान् जगदीश चन्द्र जांगिड ने अपने अति ओजस्वी उद्बोधन में स्वयं की राजनैतिक यात्रा से सभा को अवगत करवाकर समाज हेतु इसकी महत्ता बताते हुए कहा कि समाज यदि इसी प्रकार जाग्रत रहा तो अगले चुनाव तक इस मंच पर अनेक विधायक होंगें।

द्वितीय चरण में ''महिला शक्ति'' प्रदेश कार्यकारिणी की मीटिंग प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती सन्तोष जांगिड की अध्यक्षता में आरम्भ की गई। महामंत्री श्रीमती स्मिता जांगिड ने गत मीटिंग की कार्यवाही से सभा को अवगत करवाया तथा जिला कार्यकारिणी की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। नवीन जिला कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण एवं कार्यो हेतु चुरू जिलाध्यक्ष डॉ. नीलम जांगिड, अजमेर जिलाध्यक्ष पुष्पा जी उबाना, पाली जिला अध्यक्ष संतोष जी जांगिड ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मीना जांगिड ने शेष जिलों में जिला अध्यक्ष की नियुक्ति एवं कार्यकारिणी विस्तार हेतु प्रदेश के 'महिला शक्ति' के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने जिलों में जिलाध्यक्षों के साथ मिलकर कार्यकारिणी का विस्तार कर उन्हें सहयोग करावें। जोधपुर जिलाध्यक्ष सरीता शर्मा ने प्रदेश सभा न्याय परिषद् के उद्देश्य एवं कर्तव्यों से सभी को अवगत करवाया तथा इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला। जोधपुर से जांगिड महिला मंच 'फाउण्डर' श्रीमती निर्मला जांगिड ने विधवा महिलाओं को महिला शक्ति के द्वारा सहयोग पर चर्चा करते हुए बताया कि महिलाओं को सम्बल देने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु अनेक रोजगार के तरीके अपनाए जा सकते हैं, जिससे वे स्वयं अपने स्वाभिमान से जीवनयापन कर आत्मनिर्भर बन सकें। इसी विषय पर विधी सलाहकार नमिता शर्मा ने भी इस महिलाओं के स्वावलम्बन हेतु उपाय बताएं। कोषाध्यक्ष गायत्री शर्मा जी ने बालिका छात्रावास हेतु भूमि आवंटन की कार्ययोजना पर चर्चा कर बताया कि इसकी महत्ती आवश्यकता है, जिससे मेधावी बालिकाएं कम खर्च पर अपनी पढ़ाई जारी कर अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकें। साथ ही महासभा के संरक्षक सदस्य जोड़ने हेतु भी चर्चा की गई।

प्रदेश सभा महिला शक्ति के बिस्तार हेतु डॉ. मीना जांगिड ने समाज के राजकीय सेवा में उच्च पदस्थ महिला पदाधिकारियों से मार्ग दर्शन प्राप्त करने हेतु मार्ग दर्शक समिति एवं समाज के वरिष्ठ महिला सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोगार्थ सलाहकार समिति गठन करने हेतु भी चर्चा की गई, ताकि इनके मार्गदर्शन से महिला शक्ति का विकास चहुँमुखी हो सकेगा। इस चर्चा में सभी ने सहमति जाहिर की तथा इसे शीघ्र बनाने के लिए इन सभी से सम्पर्क कर उनकी अनुमति प्राप्त करने की योजना बनाई गई।

मीटिंग में विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रीति जांगिड ने बालिका शिक्षा हेतु मातृ शक्ति की सोच बदलने हेतु प्रेरित किया तथा शिक्षा की महत्ता एवं लिंग समानता पर प्रकाश डाला।

अन्त में सभी की भागीदारी से ''पुष्प होरी खेलकर, होली के गीतों पर संगीत एवं नृत्य द्वारा फागोत्सव मनाया गया।'' अध्यक्ष संतोष जी ने सभी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

**-डॉ. मीना जांगिड**

कार्यकारी अध्यक्ष, प्रदेश सभा महिला शक्ति

## पूनाराम बरनेला द्वारा श्री पुखराज जी पाराशर निजि सचिव मुख्यमंत्री एवं श्री जगदीश चन्द्र जी विधायक सादुल शहर का किया भव्य स्वागत

बरनेला रेस्टोरेन्ट जोधपुर में श्री पूनाराम जी बरनेला द्वारा श्री पुखराज जी पाराशर निजि सचिव मुख्यमंत्री राज. एवं श्री जगदीश चन्द्र जांगिड विधायक सादुलपुर का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों ने श्री मोहन लाल जी जायलवाल पूर्व अध्यक्ष जांगिड पंचायत जोधपुर, श्री एम.डी. शर्मा आयुषी बिल्डर्स, श्री जीवाराम जी रालड़िया, श्री प्रेमसुख जी शर्मा (इंजीनियर), श्री तेजप्रकाश जी शर्मा, श्री जितेन्द्र जी शर्मा, श्री संजय बूढ़ड़ (युवा नेता) मुम्बई, श्री श्याम लाल जी, श्री बाबूलाल जी, श्री जगदीश जी, दायमा जी, भट्रेचा जी व युवा संदीप, बीट्टू, ईश्वर, महेश, सुनील, मनीष आदि उपस्थित होकर अतिथियों का सम्मान किया। श्री पूनाराम जी ने पंचमुखी विश्वकर्मा जी का मोमेन्टो भी अतिथियों को भेंट किया तथा सभी का आभार प्रकट किया।

## प्रदेश सभा गुजरात के द्वारा जिला सभा एवं शाखा सभाओं की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा गुजरात द्वारा जिला सभा बलसाड व शाखा सभा वलसाड उमरगांव, वापी एवं सेलवास शाखा सभाओं की नव नियुक्त अध्यक्ष एवं नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 28 अप्रैल, 2019 को जांगिड ब्राह्मण चैरिटेबल ट्रस्ट, दमन गंगापुल, भारत मार्बल के पास, नेशनल हाइवे नं. 8 वलवाडा, वापी संस्थान में आयोजित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता श्री द्वारका प्रसाद शर्मा प्रदेशाध्यक्ष गुजरात द्वारा की गई। समारोह के मुख्य अतिथि श्री चुनाराम जी

(आईआरएस) अहमदाबाद, श्री राकेश शर्मा वैज्ञानिक इसरो अहमदाबाद, अतिविशिष्ट अतिथि श्री जटाशंकर एच. शर्मा सम्पादक, उपप्रधान महासभा, गुजरात प्रदेश प्रभारी, श्री मदनलाल जी अहमदाबाद, श्री मनोहर लाल जी शर्मा वापी पूर्व अध्यक्ष गुजरात प्रदेश, श्री राधेश्याम अर वापी पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री श्रवण लाल जी अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा मन्दिर सूरत, वलसाड अध्यक्ष श्री महेन्द्र सिंह जांगिड, श्री कमलेश जी पूर्व अध्यक्ष अहमदाबाद आदि उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम बालिकाओं द्वारा तिलक कर, गुलाब का पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनन्दन कर अतिथियों को मंचासीन करवाया।

भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा पुष्प अर्पण कर, माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर, साफा पहनाकर, मोमेन्टों भेंटकर तथा पुष्प गुच्छ से ससम्मान स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष श्री बालकिशन जांगिड उमर गांव व कार्यकारिणी को प्रदेशाध्यक्ष श्री द्वारका प्रसाद जी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। शाखा सभा अध्यक्ष उमरगांव श्री नाथूलाल जांगिड शाखा सभा अध्यक्ष वलसाड, श्री सुरेश जी गुलमारी जांगिड, शाखा सभा अध्यक्ष सेलवास श्री कैलाश जांगिड, शाखा सभा अध्यक्ष वापी श्री ओमप्रकाश जांगिड तथा इन सभी की नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

मंच संचालन श्री परमेश्वर जांगिड उमरगांव व सम्पादक जे.एच. शर्मा द्वारा शानदार ढंग से किया गया।

आमंत्रित सम्मानीय अतिथिगणों में उपस्थित श्री मुकेश जी पत्रकार भरूच दमन से, अध्यक्ष श्री रामप्रसाद जी, श्री लीलाधर जी, श्री नारायण लाल जी, श्री बजरंग लाल जी, नवसारी से श्री मानाराम जी, श्री रामचन्द्र जी, श्री रेवताराम जी आणद से, श्री ताराचन्द जी, श्री धन्नालाल जी, वलसाड से श्री गोपाल जी, श्री मूलचन्द जी, श्री राधेश्याम जी, श्री श्याम जी व अन्य, सूरत से श्री रामोतार जी, श्री किशन जी, बाहर से आए सभी गणमान्यों का सम्मान किया गया।

अतिथियों द्वारा उद्बोधन हुआ, जिसमें सभी ने समाज हित में अपने विचार व्यक्त किए। गुजरात प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेशाध्यक्ष द्वारा श्री परमेश्वर जी उमरगांव कार्यकारी अध्यक्ष, श्री महेन्द्र सिंह जांगिड वलसाड को उपाध्यक्ष की पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

समारोह की व्यवस्था बहुत सुन्दर थी। सभी ने जलपान ग्रहण किया। अन्त में नव नियुक्त अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष ने सभी आगन्तुक अतिथियों एवं समाज बंधुओं का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सैंकड़ों समाज बंधुओं की उपस्थिति रही।



## मधुकर मोखा फलौदी महावीर इन्टरनेशनल के सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित

श्री मधुकर मोखा फलौदी महावीर इन्टरनेशनल केन्द्र द्वारा नाहटा स्ट्रीट फलौदी में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से महावीर इन्टरनेशनल केन्द्र फलौदी के आगामी 2 वर्षों के लिए अध्यक्ष निर्वाचित हुए। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष श्री शिव कुमार व्यास ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा तथा रविन्द्र कुमार जैन ने उनका समर्थन किया।

मोखा द्वारा कार्यकारिणी (जिसमें 12 सदस्य हैं) का गठन भी किया। इस अवसर पर मोखा के अनुसार फलौदी में ठोस व इलेक्ट्रानिक वेस्ट कचरा प्रबंधन को लेकर महावीर इन्टरनेशनल एक अनूठी पहल करने जा रहा है। फलौदी को साफ-सुथरा रखने के लिए उद्देश्य से जोधपुर व अलवर से इस विषय के विशेषज्ञों को फलौदी बुलाकर विचार-विमर्श किया गया तथा सकारात्मक चर्चा की गई। पर्यावरण विज्ञान विशेषज्ञ श्री बी.एल. पाठक तथा कुलदीप दाधिच ने बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिए तीन आर.के. फार्मूले को अपनाना होगा। जिसमें रिफ्यूज्ड, रीयूज एवं रीसाइकिल है। जन सहयोग से पौधा रोपण भी करवाया जाएगा।

नव निर्वाचित अध्यक्ष ने सभी का आभार प्रकट किया। मंच संचालन श्री रविन्द्र कुमार जैन ने किया।

## अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा गुजरात के तत्वावधान में जिला सभा व शाखा सभा की नवगठित कार्यकारिणियों का गठन किया

**गांधीधाम शाखा सभा** के अध्यक्ष श्री गुरुदत्त शर्मा गांधी, उपाध्यक्ष श्री विजय राज जांगिड, मंत्री श्री हरिराम जांगिड, सहमंत्री श्री रामजीलाल जांगिड, कोषाध्यक्ष श्री रमेश कुमार शर्मा एवं संगठन मंत्री श्री नारायण जांगिड एवं सदस्यगण।

**जिला सभा भरूच** अध्यक्ष श्री दौलतराम जांगिड (भरूच), उपाध्यक्ष श्री सतीश कुमार जांगिड भरूच, उपाध्यक्ष श्री कालूराम जांगिड भरूच, महासचिव श्री कुम्भाराम जांगिड (भरूच), कोषाध्यक्ष श्री मदनलाल जांगिड एवं सदस्यगण।

**जिला सभा आणद** अध्यक्ष श्री ताराचन्द बरड़वा (मोगरी), उपाध्यक्ष श्री अशोक कुमार जांगिड (बोरसद), महामंत्री श्री मघाराम सुथार (आणद), कोषाध्यक्ष श्री रामचन्द्र बुढ़ड़ (मोगरी) एवं सदस्यगण।

महा कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई श्री द्वारका प्रसाद जांगिड प्रदेशाध्यक्ष गुजरात।

## जिला सभा अलवर द्वारा आयोजित 15वां नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

13 अप्रैल, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा अलवर के तत्वावधान में (वैशाली नगर स्थित जांगिड बालिका छात्रावास भूखण्ड) अलवर में 15वां नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें 14 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। दिल्ली रोड़ स्थित एक निजी आई.टी.आई. से वर शोभा यात्रा (निकासी) बैण्डबाजे व लवाजमे के साथ नाचते-गाते विवाह स्थल पर पहुँची। वरमाला का कार्यक्रम हुआ तथा तोरण की रस्म अदा की गई, इसके पश्चात् सभी वर-वधु पाणिग्रहण संस्कार पाण्डाल में पहुँचे, जहाँ विद्वान पण्डितों द्वारा वैदोमंत्रोचार के साथ पाणिग्रहण सम्पन्न करवाया।

दोपहर को सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान द्वारा की तथा

मुख्य अतिथि अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली के राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) एवं श्री जगदीश चन्द्र जांगिड न्यायिक मजिस्ट्रेट अलवर थे। विशिष्ट अतिथियों में श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री कैलाश चन्द जांगिड प्रधान विश्वकर्मा एज्युकेशन ट्रस्ट दिल्ली, श्री पूरण चन्द शर्मा, श्री गंगादीन जांगिड प्रधान विश्वकर्मा मन्दिर पहाड़गंज दिल्ली, श्री घनश्याम जी पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री गजानन्द जांगिड (एसईएन) अध्यक्ष विश्वकर्मा मन्दिर कमेटी घाट की गुणी, श्री मोहनलाल खटवाड़िया अध्यक्ष अंगारी धाम, श्री घनश्याम जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष दौसा, उद्योगपति श्री राज जांगिड आदि मंचासीन हुए।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर, दुप्टा ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर श्री मदनलाल जांगिड जिलाध्यक्ष अलवर, श्री सोहनलाल जांगिड महामंत्री, श्री महादेव प्रसाद जी एडवोकेट, श्री कन्हैयालाल जी, श्री खेमचन्द जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष अलवर एवं सभी पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

मंच संचालन श्री महादेव प्रसाद जांगिड एडवोकेट अलवर द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री रविशंकर शर्मा द्वारा अपने उद्‌बोधन में कहा कि अब शादी करना वर व वधु दोनों पक्षों के लिए बहुत महंगा हो गया, ऐसे में सामूहिक विवाह सम्मेलनों में शादी का खर्चा बहुत कम होता है।

श्री जगदीश चन्द जी ने कहा कि सामूहिक विवाह के प्रति समाज में अब सोच बदलने लगी है। इसलिए सामूहिक विवाह करने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। पढ़े-लिखे व उच्च वर्ग भी अब सामूहिक विवाह सम्मेलन में अपने बच्चों की शादियां कर रहे हैं।

जिला महामंत्री श्री सोहनलाल जांगिड ने बेटियों को बचाने व बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए समाज से अपील की।

अतिथियों द्वारा सभी नवदम्पत्तियों को विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया तथा उपहार स्वरूप सामान प्रदान किए गए।



**तहसील सभा देवली (टोंक) के श्री दुर्गालाल जांगिड सर्व सम्मति से तहसील अध्यक्ष निर्वाचित**

4 मई, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा तहसील सभा देवली (टोंक) के चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें सर्वसम्मति से श्री दुर्गालाल जांगिड तहसील अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी श्री कृष्ण गोपाल द्वारा उनको पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

कार्यकारिणी में अध्यक्ष दुर्गालाल, उपाध्यक्ष रामकुंवार जांगिड, महावीर जांगिड पनवाड़, मूलचन्द जांगिड, महावीर जांगिड (चांदली), महामंत्री राजू जांगिड पनवाड़, सचिव गोपाल लाल कारपेन्टर, कोषाध्यक्ष रूपनारायण जांगिड, प्रचार मंत्री महावीर कारपेन्टर, संगठन मंत्री भंवरलाल जांगिड, मंत्री रश्मि जांगिड को मनोनीत किया गया। आमंत्रित सदस्यों में भंवरलाल शर्मा, महेश चन्द जांगिड, आत्मा राम जांगिड, बाबूलाल जांगिड देवड़ावास पूर्व जिलाध्यक्ष, शिवजीराम जांगिड (दूनी) को मनोनीत किया।



**तहसील सभा मालपुरा (टोंक) के श्री बंशीलाल जांगिड सर्वसम्मति से तहसील अध्यक्ष निर्वाचित**

5 मई, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा तहसील सभा मालपुरा (टोंक) के तहसील अध्यक्ष के नामांकन के दिन श्री बंशीलाल रोड़ाया (जांगिड) मालपुरा को सर्वसम्मति से तहसील अध्यक्ष मालपुरा (टोंक) निर्वाचित किया गया। विश्वकर्मा मन्दिर में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी, जिसमें कृष्ण गोपाल जांगिड को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया।

**गोपाल लाल जांगिड तहसील सभा पीपलू (टोंक) के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए**



5 मई, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा तहसील सभा पीपलू के चुनाव के लिए नामांकन दिवस पर श्री गोपाल रोड़ाया हाड़ी गाँव को तहसील सभा पीपलू का सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। विश्वकर्मा मन्दिर पीपलू में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री पूरणमल जांगिड पर्यवेक्षक के निर्देशन में दो उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए, दूसरे ने उठा लिया और श्री गोपाल जांगिड निर्विरोध अध्यक्ष बने। इस अवसर पर उनको पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।



**श्री नन्दकिशोर जांगिड शाखा सभा रामपुरा रोड़, सांगानेर, जयपुर के निर्विरोध अध्यक्ष बने**

5 मई, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा जयपुर के तत्वावधान में नामांकन दिवस को शाखा सभा रामपुरा रोड़, सांगानेर, जयपुर के मुख्य चुनाव अधिकारी श्री द्वारका प्रसाद पंवार द्वारा श्री नन्दकिशोर जांगिड सुपुत्र श्री बजरंग लाल जांगिड (रानोली पीपलू) हाल निवासी 14-ए, गणेश कॉलोनी, रामपुरा रोड़, सांगानेर, जयपुर को सर्वसम्मति से शाखा सभा रामपुरा रोड़ के अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। चुनावी टीम में चुनाव पर्यवेक्षक श्री महेश कुमार जांगिड एवं श्री गोपाल लाल पाटोदिया, उप चुनाव अधिकारी श्री अमर चन्द अंगिरा एवं श्री गोपाल लाल जांगिड थे।

**श्री बाबूलाल जांगिड तहसील अध्यक्ष डेगाना (नागौर) निर्विरोध निर्वाचित हुए**

जांगिड समाज के चुनाव विश्वकर्मा मन्दिर में सम्पन्न हुए, जिसमें श्री बाबूलाल जांगिड सुपुत्र श्री शिव बक्स जांगिड ग्राम थाटा, तहसील डेगाना को निर्विरोध तहसील अध्यक्ष डेगाना सर्वसम्मति से बनाया। चुनाव के बाद उन्होंने कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमें 25 सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

इस अवसर पर श्री तुलसीराम कुलरिया जिलाध्यक्ष नागौर, श्री बंकट लाल, श्री ओमप्रकाश, श्री कानाराम, श्री आर.डी. मानव, श्री परसाराम, श्री खेताराम, श्री अशोक, रमेश उगमराज, रामेश्वर, हरिराम, भंवरलाल, अजयपाल, पुखराज, लालाराम, राधाकिशन, मोहन राम, अमराराम, हनुमान, सुखाराम एवं कैलाश सहित जिले भर से आए समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने एवं समाज को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का आह्वान भी अध्यक्ष द्वारा किया गया।

### ''सर्जिक्योर प्लस'' के नवीन प्रतिष्ठान का शुभारंभ

13 अप्रैल, 2019 (रामनवमी) को 51/12, शिप्रा पथ, टेक्नोलॉजी पार्क के सामने, मेट्रोमास हॉस्पिटल के पास, मानसरोवर, जयपुर में सर्जिक्योर प्लस के एक और नवीन प्रतिष्ठान का शुभारंभ शुभ मुहुर्त में किया गया। पं. ज्ञानेश शर्मा जिनके दो प्रतिष्ठान सर्जिक्योर के नाम से सेन्ट्रल स्पाईर, विद्याधर नगर, जयपुर में पहले से ही स्थित हैं तथा सुचारू रूप से सेवारत हैं।

मानसरोवर जयपुर में नवीन प्रतिष्ठान स्थापित करने का उद्देश्य मानसरोवर व आस-पास के क्षेत्रों से सभी व्यक्तियों को सुविधाएं उपलब्ध हो सके, क्योंकि इस क्षेत्र में पहले ऐसी सुविधाएं नहीं थीं।

नवीन प्रतिष्ठान में व्हील चेयर, सभी प्रकार के हॉस्पिटल फर्नीचर, कमोड चेयर, बी.पी. मशीन, नेबुलाईजर, शुगर मशीन, पल्स ऑक्सीमीटर इत्यादि सभी प्रकार के मेडिकल एण्ड सर्जिकल क्वालिटी उपकरण 24X7 सेवा में उपलब्ध हैं। आपके सभी प्रतिष्ठानों की सेवाएं 24 घण्टे उपलब्ध रहती हैं।

आपके प्रतिष्ठानों में समाज के निर्धन, असहाय, बुजुर्गों (सीनियर सिटीजन) को विशेष रियायत दी जाती रही है।

अवश्य एक बार विजिट करें आपकी सेवा में सदैव तत्पर।

### अंगिरा धाम विकास संस्थान अंगारी एवं विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति अलवर द्वारा आयोजित सामूहिक सम्मेलन में 17 जोड़े परिणय-सूत्र में बंधे

7 मई, 2019 (अक्षय तृतीया) को नसिया जी, वाटिका, गायत्री मन्दिर के पास, अलवर में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा अलवर के तत्वावधान में अंगिरा धाम विकास संस्थान अंगारी एवं विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति अलवर के द्वारा आयोजित 16वां सामूहिक विवाह सम्मेलन में 17 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

वर-वधु एवं परिजनों का प्रातः आगमन हुआ। श्री गणेश एवं विश्वकर्मा पूजन श्री अभयदास जी महाराज के सान्निध्य में हुआ। वर शोभा यात्रा बैण्डबाजे के साथ जांगिड धर्मशाला से निकाली गई जोकि शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई विवाह स्थल पहुँची। झण्डारोहण हुआ तथा तोरण की रस्म अदा की गई। वरमाला के बाद सभी वर-वधु पाणिग्रहण पाण्डाल में पहुँचे जहाँ विद्वान पण्डितों द्वारा वैदिक मंत्रोचार द्वारा उनका पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न करवाया।

दोपहर को सामाजिक सम्मेलन हुआ, जिसके मुख्य अतिथि श्री नेमीचन्द जांगिड भामाशाह एवं समाज सेवी गाँधीधाम थे। समारोह की अध्यक्षता श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान द्वारा की गई। विशिष्ठ अतिथियों में श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री यादराम जांगिड उद्योगपति दिल्ली, श्री फूलचन्द जांगिड उद्योगपति सोडावास, श्री मुकेश जी दिल्ली, श्री मदनलाल जांगिड जिलाध्यक्ष अलवर, श्री खेमचन्द जांगिड प्रभारी (धौलपुर, भरतपुर, अलवर), डॉ. मनोज जांगिड बानसूर, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, अभयदास जी महाराज पीठाधीश्वर अंगिरा धाम, श्री श्रवण जी पूर्व अध्यक्ष अंगारी धाम, श्री विजेन्द्र (विष्णु) जी पूर्व अध्यक्ष अंगारी धाम, श्री मोहनलाल खटवाड़िया अध्यक्ष अंगारी धाम, श्री लालचन्द जांगिड संरक्षक विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति, श्री धर्मवीर जांगिड राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा शक्ति, श्री महेन्द्र जांगिड राष्ट्रीय संयोजक युवा शक्ति, श्री सुरेश गोगोरिया प्रदेशाध्यक्ष (युवा शक्ति) राज., श्री जगदीश जी सुथार प्रदेश सलाहकार युवा शक्ति, श्री मुंशीराम जी जयपुर, मास्टर ताराचन्द जी, सतीश जी टेगोर स्कूल नदबई आदि गणमान्य मंचासीन हुए।

सभी अतिथियों का सम्मान आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। सामूहिक विवाह में 17 जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार हुआ। करौली निवासी श्यामलाल का अलवर निवासी रेखा से विवाह हुआ, इस सामूहिक सम्मेलन में यह जोड़ा दिव्यांग था। किशनगढ़ बास पंचायत समिति में कनिष्ठ सहायक रोबिन शर्मा का विवाह कानपुर निवासी अल्का शर्मा के साथ हुआ जो युवाओं के लिए प्रेरणास्पद है। इस विवाह में 6 युवतियों की शादी हुई, जो शिक्षा में स्नातक एवं स्नातकोत्तर है, जबकि युवक कम पढ़े-लिखे हैं, लेकिन उन सभी का स्वरोजगार है। भामाशाओं एवं अतिथियों ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद के साथ उपहार स्वरूप मोटर साईकिल, बेड, कूलर, अलमारी, 8 आभूषण सोने-चांदी सहित लगभग 37 आईटम प्रदान किए।

इस अवसर पर युवा शक्ति अलवर के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्वेच्छा से कुल 31 यूनिट रक्तदान हुआ। श्री अभयदास जी महाराज द्वारा 14वीं बार रक्तदान किया गया। रोशनी शर्मा, बीना शर्मा, मंजु शर्मा ने प्रथम बार रक्तदान किया। राष्ट्रीय अंगीरा धाम व जांगिड युवा शक्ति अलवर के तत्वावधान में यह तीसरा रक्तदान शिविर है तथा प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन है।

इस अवसर पर कमलकान्त जांगिड, कमलेश शर्मा, कैलाश जांगिड, लोकेश जांगिड, दामोदर जांगिड, राजेश जांगिड, श्री निर्मल जांगिड, अविनाश जांगिड, मूलचन्द जांगिड, दिलीप जांगिड, अनुपमा शर्मा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला शक्ति, शीला जांगिड (सिंगर), रजनी जांगिड, साधना जांगिड सहित कई समाज बंधु उपस्थित थे।

सभी समाज बन्धुओं के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सभी भामाशाओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार, जिन्होंने अपनी महत्ती जिम्मेदारी निभाई। सभी जोड़ों के माता-पिताओं को भी धन्यवाद दिया जिन्होंने इस सामूहिक सम्मेलन में अपना पंजीयन करा विवाह सम्पन्न कराया। सभी युवा कार्यकताओं का विशेष सहयोग रहा।

## तहसील सभा एवं श्री जांगिड ब्राह्मण विकास समिति किशनगढ़-रेनवाल के तत्वावधान में आयोजित युवक-युवति परिचय सम्मेलन सम्पन्न

21 अप्रैल, 2019 को श्री विश्वकर्मा मन्दिर, पत्थर मण्डी, महेश नगर, किशनगढ़-रेनवाल (जयपुर) में तहसील सभा एवं श्री जांगिड ब्राह्मण विकास समिति किशनगढ़-रेनवाल के तत्वावधान में 13 जून, 2019 को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। सामूहिक विवाह सम्मेलन में 21 जोड़ों का लक्ष्य रखा गया है। समारोह की अध्यक्षता श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज. द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि श्री बी.सी. शर्मा वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज., प्रहलाद सहाय जी प्रदेशाध्यक्ष महाराष्ट्र, श्री लालचन्द जी राजोतिया उद्योगपति जयपुर, श्री गोविन्द राम जी गोगोरिया मुण्डियागढ़, देवीसहाय सावड़ जयपुर, भंवरलाल जी जाला तह. अध्यक्ष फुलेरा, शंकर लाल बारू विकास समिति अध्यक्ष जोबनेर, श्री मन्नालाल जी अध्यक्ष शाखा सभा जोबनेर, छगनलाल जी बून्दवाल पूर्व अध्यक्ष बंधे बालाजी, मालीराम जी देमण उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, प्रेमप्रकाश जी अधीक्षक जीएसटी, रामेश्वर लाल जी तह. अध्यक्ष दांता रामगढ़, ताराचन्द जी भादरिया अध्यक्ष सामूहिक विवाह सम्मेलन चौमूं, रामस्वरूप खटवाड़िया पूर्व अध्यक्ष जांगिड सेवा समिति चौमूं, शिवनारायण जी थानेदार उपप्रधान महासभा, गिरधारीलाल भादरिया पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चौमूं, प्रहलाद जी पंवार अध्यक्ष जांगिड सेवा समिति चौमूं, श्री नारायण जी अड़िचवाल नांवा, मदनलाल राजोतिया हिंगोनिया, मूलचन्द लोईवाल बगरू आदि मंचासीन हुए।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण, दुपट्टा एवं साफा बंधवाकर तहसील अध्यक्ष कल्याणमल हर्षवाल एवं विकास समिति अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम सीलक एवं कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

भामाशाह श्री लालचन्द राजोतिया जयपुर द्वारा 21000/-रु., श्री मांगीलाल कासलीवाल द्वारा सम्पूर्ण सम्मेलन के लिए चीनी, श्री मोतीराम जी सीलक ने 11 पीपा तेल, श्री प्रहलाद सहाय जी द्वारा 11000/-रु., श्री मूलचन्द जी आसल्या पूर्व अध्यक्ष बघाल द्वारा 11000/-रु., श्री जय प्रकाश हर्षवाल जूनसिया ने प्रत्येक जोड़े को छत का पंखा देने की घोषणा की एवं श्री नारायण जी अड़िचवाल द्वारा सम्पूर्ण आटा देने की घोषणाएं की।

इस अवसर पर अतिथियों ने अपने विचार मंच के माध्यम से प्रकट किए।

21 अप्रैल तक आठ जोड़ों का पंजियन किया जा चुका है। अंत में तह. अध्यक्ष श्री कल्याणमल हर्षवाल द्वारा गरिमामय सम्पन्न परिचय सम्मेलन के प्रति सभी आगन्तुक अतिथियों एवं समाज बन्धुओं का आभार प्रकट किया एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया तथा सभी को भोजन के लिए आमंत्रित किया।

## मन रोता है



मन रोता है, मन बहुत रोता है,
अंदर की पीड़ा, आंसुओं से धोता है।
मन रोता है...
मन बिल्कुल भी बेजुबान है,
आँसुओं पर बहुत मेहरबान है।
यही तो उसे तसल्ली देता है,
जब यह बिल्कुल तन्हा होता है।।
मन रोता है...
मन की पीड़ा का कोई छोर नहीं,
व्यथित करते अपने कोई ओर नहीं।
ये सब पैने नश्तर चलाते हैं,
जिन से बच पाना दुष्कर होता है।।
मन रोता है...
मन को बहुत समझाता हूँ,
औरों को बता-बता बहलाता है।
ऐसी दवा दिनरात किया करता है,
फिर भी दर्द होता रहता है।।
मन रोता है...
यह सब एक दो दिन की बात नहीं,
जीवन में सुख का दिन-रात नहीं।
कुछ क्षण चैन मिले लेकिन,
फिर वही बैचेनी का आलम होता है।।
मन रोता है...
कौन सुने किसको कहें अपनी,
सब पर भारी पड़ती है अपनी-अपनी।
दुनिया छोटी हुई किसे सुनावे,
इन हालातों में घुट-घुट जीना होता है।।
मन रोता है...

-शंकर बुलन्द
ब्यावर, मो. : 98294680780

## रजत सुथार एमबीबीएस द्वितीय वर्ष में उत्तीर्ण



रजत सुथार पुत्र श्री जय प्रकाश सुथार गाँव फेफाना, तहसील नोहरा, जिला हनुमानगढ़ सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज, जयपुर में अध्ययन करते हुए राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्याल द्वारा घोषित एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण हुए।